वर्ष 23, अंक 256, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 10 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

कांग्रेस पर फिर बरसे पीएम मोदी, हिंदूओं को बांटने का लगाया आरोप

उसे न विकास से मतलब, न विरासत से

महाराष्ट्र

मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ।

मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था।

'नतीजों का विश्लेषण कर रहे', हरियाणा में हार और जम्मू कश्मीर में जीत पर बोले राहुल गांधी?

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने हरियाणा के कांग्रेस कार्यकताओं को बब्बर शेर बताते हुए उनका धन्यवाद कहा. जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया. इसे लेकर कांग्रेस सांसद ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया. प्रदेश में इंडिया गठबंधन की जीत संविधान की जीत है. लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है."

हरियाणा के कार्यकताओं को बताया बब्बर शेर

हरियाणा में इस बार कांग्रेस को किसान, पहलवान के मुद्दों पर 10 साल बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद थी, ऐसा नहीं हो पाया. बीजेपी ने हरियाणा में हैट्रिक लगाकर बड़ी जीत हासिल की. हरियाणा में कांग्रेस की हार पर पार्टी के नेता राहुल गांधी ने नतीजों के विश्लेषण की बात कही है.

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, "हम हरियाणा के अप्रत्याशित

नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं. अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे. सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद. हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे."

जम्मू क्षेत्र में एक सीट जीत सकी कांग्रेस

नेशनल कॉन्फ्रेंस 42 सीट के साथ जम्मू कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और वह अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस (6 सीट) के साथ केंद्र शासित प्रदेश में अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है।

हरियाणा में मिली जीत के बाद पीएम मोदी से मिलने पहुंचे नायब सिंह सैनी

नई दिल्ली। हरियाणा में बीजेपी की जीत के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस-एनसी के गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में बहुमत हासिल हुआ है। अब इन चुनावी नतीजों के बाद हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में सियासत तेज हो गई है। कहीं जश्न का माहौल है तो कहीं आत्ममंथन का दौर चल रहा है।

नायब सिंह सैनी दिल्ली पहुंच चुके हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले हैं। माना जा रहा है कि हरियाणा जीत के बाद



उनकी तरफ से हाईकमान के तमाम नेताओं से मिला जाएगा। पीएम पहले ही सैनी को जीत की बधाई दे चुके हैं।

वहीं, हरियाणा हारने पर कांग्रेस के भीचर घमासान मच गया है. हार की वजहें तलाशी जा रही हैं और एक-दूसरे पर दोष मढ़ा जा रहा हैं।

अगर साथ-साथ चलते तो कुछ और बात होती-राघव चड्ढा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार पर शायराना अंदाज में तंज कसा।

आप सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लहमारी आरजू की फिक्र करते तो कुछ और बात होती, हमारी हसरत का ख्याल रखते तो एक अलग शाम होती, आज वो भी पछता रहा होगा मेरा साथ छोड़कर, अगर साथ-साथ चलते तो कुछ और बात होती।

उन्होंने इशारों में इशारों में यह कहने की कोशिश की है कि अगर हरियाणा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा होता,

तो आज हम जीत का परचम लहरा चुके होते, मगर अफसोस ऐसा नहीं हो सका।

बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन होने की चर्चा जोरों पर थी। इस संबंध में कई बैठकें भी हुईं, लेकिन वह सार्थक नहीं हो सकी। इसके बाद दोनों पार्टियों ने अपनी राहें जुदा करते हुए अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि न ही कांग्रेस हरियाणा चुनाव में कुछ खास कर सकी और आम आदमी पार्टी की दुर्गति का अंदाजा महज इसी से लगाया जा सकता है कि

यह पार्टी राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल सकी।

इससे पहले, आम आदमी पार्टी के हरियाणा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने भी आईएएनएस से बातचीत में कहा, अगर दोनों ही पार्टियों ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा होता, तो आज हम 70 से ज्यादा सीटों पर जीत का परचम लहरा चुके होते।

उन्होंने कहा, जब राष्ट्रीय स्तर पर हमने (आम आदमी पार्टी) कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, तो भारतीय जनता पार्टी को बैसाखियों पर ला दिया था।

इसी तरह मुझे पूरा विश्वास है कि अगर हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया होता, तो हम निश्चित तौर पर 70 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रहते।

वहीं, बात अगर हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे की करें, तो भारतीय जनता पार्टी के खाते में 48 सीटें आई हैं, जबकि कांग्रेस को 37 सीटों पर जीत मिली है।

यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की गाड़ी का एक्सीडेंट

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री संजय निषाद की गाड़ी का बुधवार को प्रतापगढ़-रायबरेली बॉर्डर पर एक्सीडेंट हो गया। मंत्री की गाड़ी उनके काफि?ले के साथ चल रही एक एस्कॉर्ट गाड़ी से टकरा गई। हादसे में मंत्री को हल?की चोटें आईं। यह घटना सलवन इलाके में हुई, जहां मंत्री को एक मीटिंग के लिए प्रतापगढ़ जाना था।

घटना के बाद, संजय निषाद को तुरंत प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज लाया गया। अस्पताल में उनके इलाज की प्रक्रिया जारी है। चिकित्सकों का कहना है कि मंत्री खतरे से बाहर हैं। उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। एक्सीडेंट के बाद, स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। इससे पहले जिले के डीएम और एसपी कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम के लिए उनकी अगवानी करने पहुंचे थे, लेकिन इस घटना की जानकारी होते ही दोनों अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

हरियाणा में कांग्रेस के पिछड़ने पर संजय राउत का बड़ा आरोप

खुद को किसी का बड़ा भाई नहीं समझना चाहिए

महाराष्ट्र

राउत ने जोर देकर कहा कि हरियाणा के नतीजों का आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने राजनीतिक गुटों के बीच एकता और विनम्रता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी को भी खुद को किसी और का बड़ा भाई नहीं समझना चाहिए।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद महाराष्ट्र में उसके गठबंधन सहयोगी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) ने अकेले चुनाव लड़ने के कांग्रेस के

फैसले पर असंतोष जताया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने हालिया चुनावी नतीजों पर अपने विचार साझा किए और कांग्रेस की हार से सीखे जा सकने वाले सबक पर जोर दिया। राउत ने जोर देकर कहा कि हरियाणा के नतीजों का आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने राजनीतिक गुटों के बीच एकता और विनम्रता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी को भी खुद को किसी और का बड़ा भाई नहीं समझना चाहिए।

हरियाणा में चुनाव जम्मू-कश्मीर के चुनाव के साथ ही हुआ, दोनों राज्यों में 90 सीटें थीं। राउत ने बताया कि जहां भाजपा ने हरियाणा में जीत का दावा किया, वहीं कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को जम्मू-कश्मीर में अपना प्रभाव बनाए रखने की उम्मीद है।

यूपी उपचुनाव: सपा ने 6 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया

उत्तर प्रदेश: उत्तर प्रदेश में उपचुनाव का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन उससे पहले ही सियासी पारा हाई हो चुका है. समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को 10 सीटों में से छह सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है. सपा के इस ऐलान ने सियासी पंडितों को चौंका दिया. छह उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में करहल सीट से भी उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया गया है.

लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई सीटों पर अब उपचुनाव का ऐलान किसी भी दिन हो सकता है. भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनाव की तैयारी लगभग पूरी कर ली है. सपा ने जिन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है, उनमें करहल से तेज प्रताप सिंह यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से

मुफ्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मझंवा से ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया गया है.

कांग्रेस का दावा हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस अभी गठबंधन के लिए पांच सीटों पर अपना दावा कर रही है लेकिन इससे पहले ही सपा ने उम्मीवादरों का ऐलान कर दिया है. यानी देखा जाए तो अब कांग्रेस को उसकी डिमांड के अनुसार पांच सीटें मिलने की संभावना नहीं है. सूत्रों की मानें तो सपा इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस को एक से दो सीट देने का मन बना चुकी है. हालांकि अभी तक गठबंधन की तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुई है. लेकिन सपा ने जिन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है उनमें से लगभग उसके ही सदस्यों के इस्तीफे से सीटें खाली हुई है. बीते विधानसभा चुनाव में सपा ने इन सीटों पर जीत दर्ज की थी. खास बात यह है कि सपा ने उम्मीदवारों का ऐलान करने में अपने पीडीए फॉर्मूले का ध्यान रखा है. बता दें कि बीजेपी ने भी हर सीट पर अपने तीन-तीन उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर लिया है।

कांग्रेस के झूठ के झांसे में नहीं फंसे हरियाणा के लोग : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी को लगातार तीसरी बार मिली जीत पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को नई दिल्ली में स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता का आभार जताया। जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने जो जीत हासिल की और

जम्मू-कश्मीर में भी हमने अपना वोट शेयर बढ़ाया है, यह सब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। जनता ने भाजपा पर विश्वास व्यक्त किया है, यह उसका परिणाम है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस के लोग हर तरह से झूठ फैलाने में जुटे थे, लेकिन जनता ने उनकी एक नहीं सुनी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाई है। हरियाणा में आज युवाओं, किसानों, दलितों और महिलाओं के लिए अगर सबसे पसंदीदा पार्टी कोई है तो वह भाजपा है।" जेपी नड्डा ने आगे कहा, "प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह सरकार सक्रिय, उत्तरदायी और जवाबदेह है। कांग्रेस की ओर से फैलाए गए झूठ के बावजूद हरियाणा की जनता ने राज्य में भाजपा को चुना और कांग्रेस को सबक सिखाया।"

हरियाणा की 14 सीटों पर वोट कटवा से हारी कांग्रेस, 5 पर तो AAP ने ही डुबोई लुटिया

हरियाणा

हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम मंगलवार (8 अक्टूबर 2024) को सामने आ चुके हैं. बीजेपी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही है. वहीं 10 साल बाद भी कांग्रेस के हाथ खाली रह गए. हरियाणा में बीजेपी ने 48 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस के खाते में 37 आईं.

हालांकि, कई ऐसी सीटें हैं, जहां कांग्रेस की हार का अंतर सेकंड रनर-अप को मिले वोटों से काफी कम है. हरियाणा में 5 सीटें तो ऐसी हैं, जहां आम आदमी पार्टी की वजह से कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा. यहां आप के प्रत्याशी को कांग्रेस की हार से ज्यादा वोट मिले. इस तरह कुल 19 सीटों पर पार्टी जीती हुई बाजी हार गई.

इन सीटों पर आप की वजह से हारी कांग्रेस

5 सीटों पर जहां आप ने समीकरण बदले, उनमें सबसे पहली सीट है, उचाना कलां विधानसभा सीट की. इस सीट पर आप पार्टी के उम्मीदवार पवन फौजी को कुल 46473 वोट मिले, उचाना कलां सीट से देवेंदर चटर भुज (बीजेपी) केवल 32 वोटों के मार्जिन से जीते. दूसरी सीट है डबवाली विधानसभा. यहां से कछछऊ के आदित्य देवीलाल ने को कुल 56074 वोट मिले और उन्होंने कांग्रेस के अमित को 610 वोटों से हराया, जबकि इस सीट पर आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह को 6606 वोट मिले. दादरी विधानसभा सीट की बात करें इस सीट से बीजेपी उम्मीदवार सुनील सतपाल सांगवान ने कुल 1957 वोटों के मार्जिन से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया. इस सीट पर आप के उम्मीदवार धनराज सिंह को कुल 64229 वोट मिले.

महेंद्रगढ़ सीट पर बीजेपी प्रत्याशी कंवर सिंह को कुल 63036 वोट मिले और उन्होंने कांग्रेस उम्मदीवार को 2648 वोटों के मार्जिन से हराया. इस सीट पर आप प्रत्याशी डॉ. मनीष यादव को 61296 वोट मिले. असंध विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार योगेंद्र सिंह राणा को 54761 वोट मिले. उन्होंने अपने विपक्षी कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी को 2306 वोटों के मार्जिन से हराया. असंध सीट से आप को कुल 4290 वोट मिले.

इन सीटों पर निर्धलीय वोट कटवा ने बिगाड़ा खेल

हरियाणा में 14 सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस जितने वोटों से हारी उससे

ज्यादा वोट तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी को मिले. ऐसी ही एक सीट महेंद्रगढ़ हैं जहां बीजेपी प्रत्याशी कंवर सिंह को कुल 63036 वोट मिले. यहां कांग्रेस उम्मीदवार कुल 2648 वोट से हारे, जबकि निर्दलीय पार्टी से संदीप सिंह को अकेले 20834 मिले.

समालखा सीट से भी बीजेपी प्रत्याशी मनमोहन भड़ाना को कुल 81293 वोट मिले. कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह छौक्कर 61978 वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे. इस सीट पर निर्दलीय रविंदर मछरौली को 21132 वोट मिले. कालका सीट से बीजेपी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने जीत दर्ज की. उन्हें कुल 60612 वोट मिले. जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को 49729 वोट मिले. इस सीट पर निर्दलीय गोपाल सुखोमाजरी को कुल 31688 वोट मिले.

बधरा सीट से बीजेपी प्रत्याशी उमेद सिंह की झोली में कुल 59315 वोट आए. उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सोमवीर सिंह को 7585 के मार्जिन से मात दी. इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार सोमवीर घासोला को कुल 26730 वोट मिले. यमुनानगर सीट से बीजेपी प्रत्याशी घनश्याम दास को कुल 73185 मिले और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी रमन त्यागी को 22437 के मार्जिन से हराया. इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार कपिल को कुल 278 वोट मिले.

असंध सीट से बीजेपी प्रत्याशी योगेंद्र सिंह राणा को कुल 54761 वोट मिले. उन्होंने कांग्रेस के शमशेर सिंह गोगी को 2306 वोटों से हराया. यहां निर्दलीय उम्मीदवार जीले राम शर्मा को कुल 16302 वोट मिले. सफीदों सीट से बीजेपी प्रत्याशी राम कुमार गौतम को 58983 वोट मिले. राम कुमार ने कांग्रेस के सुभाष गंगोली को 4037 वोटों से हराया. यहां निर्दलीय उम्मीदवार जसबीर देसवाल को 20114 वोट मिले. नरवाना सीट से बीजेपी प्रत्याशी कृष्ण कुमार को 59474 वोट मिले. कृष्ण कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी सतबीर दबलैन को 47975 वोटों से हराया. इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार गुरमैल को 466 वोट मिले. दादरी सीट से बीजेपी प्रत्याशी सुनील सतपाल सांगवान को कुल 65568 वोट मिले. उन्होंने कांग्रेस की मनीषा सांगवान को 1957 वोटों से हराया।

भाषाओं में मातृभाषा हिंदी का स्थान विश्व में है शीर्ष पर : अशोक गौतम

जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में आयोजित हिंदी राजभाषा पखवाड़ा समारोह का हुआ समापन

मेजा। जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा खास में हिंदी राजभाषा पखवाड़े का समापन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला दिव्यांग रोजगार अधिकारी अशोक कुमार गौतम रहे। उन्होंने बच्चों को अध्यापकों के जीवन में महत्त्व के विषय में विद्यार्थियों को बताते हुए कछुआ और खरगोश की नई कहानी के माध्यम से सहयोग की भावना को बताया। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए ।पुरस्कार प्राप्त बच्चों में वर्षा सोनकर, रिया यादव ,पुष्पा, अर्जुन यादव, अमृता ओम , रेशमा सिंह, श्रुति कुशवाहा , नीरज ,गगन यादव, कौशल कुमार, सत्यम सरोज, अंशिका विश्वकर्मा, सानिया यादव शिवजीत, पलक गुप्ता, उत्कर्ष विश्वकर्मा शालिनी मौर्य ,श्रेया केसरवानी साक्षी मौर्य, प्रीति भारती इशा शुक्ला आदि थे। इन बच्चों को हिंदी के विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया । प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा के अनुसार जीवन में भाषा का महत्व अत्यधिक है और जब हम राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी को याद करते हैं तो हमारा मस्तक पूरे विश्व के परिदृश्य में बहुत ऊंचा हो जाता है क्योंकि हिंदी का स्थान विश्व के शीर्ष भाषाओं में है। डॉ अरविंद चौधरी के अनुसार स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर के आज तक देश के विकास में हिंदी का योगदान अत्यधिक है और आज विदेश में हिंदी का प्रचार प्रसार हो रहा है । डॉ डीके त्रिपाठी के अनुसार उच्चतम सोच औगहरा अन्वेषण मातृभाषा हिंदी के माध्यम से ही संभव है। दूसरी भाषा के नकल से अन्वेषण और खोज संभव नहीं होती है। इस कार्यक्रम में आए हुए डॉ विजय प्रताप सिंह, आकाश बाबू ,अभिषेक सिंह और पुष्कर त्रिपाठी ने बच्चों को अच्छे कार्य हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के सभी शिक्षक इस कार्य में हर्ष और उल्लास के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया। श्रीमती सीमा देवी, श्री हरिश्चंद्र यादव ,श्री नितिन कुमार श्री विवेकानंद मौर्य, श्रीमती कामिनी सिन्हा श्रीमती बिंदु यादव आदि ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। डॉ डीके त्रिपाठी ने अच्छे कार्य हेतु हिंदी विभाग औरअन्य समस्त अध्यापक गण और कार्यक्रम के पदाधिकारियो और बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन संपन्न

करछना। विधानसभा करछना के ग्राम डीहा में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने फीता काटकर किया तथा अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान डीहा लल्लन प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ किया गया। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से लल्लन प्रसाद यादव, राजकुमार यादव पूर्व प्रमुख, श्याम कृष्ण यादव पूर्व चेयरमैन सिरसा, जिला पंचायत सदस्य डॉ. विजय बाबू, अमिताभ पाण्डेय आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने किया। कार्यक्रम के संयोजक गण अखिलेश यादव, अतुल यादव, अंकित, संजय, अभिषेक, सुनील आदि ने आये हुए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया तथा नेता जी कीप्रतिमा का स्मृति चिन्ह प्रदानकिया। कबड्डी प्रतियोगिता की शुरूआत गडैला और लोकई का पूरा(लोहदी) की टीमों के बीच शानदार मुकाबले ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों मे ग्राम प्रधान बसही हिमांशु यादव, रमाशंकर यादव अध्यक्ष साधन सहकारी समिति, पूर्व प्रधान सेमरहा शिव प्रकाश, शीतला प्रसाद पूर्व बीडीसी, निर्मल सिंह प्रधान बबुरा, रामकुमार (एलएल पब्लिक स्कूल), माधव प्रसाद, मनोज, इंजी. अखिलेश यादव, सचिन कोरी, सुनील यादव, मनीष, मंगलेश, पुष्पेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र के दिव्य दरबार में जुटे भक्त, लगाई अर्जी

जसरा। जसरा क्षेत्र के शिवपुरी कालोनी में पंडित जय शंकर मिश्र महराज जी के द्वारा नवरात्रि के पर्व पर लगाए गए दिव्य दरबार में सैकड़ों लोगों ने अपनी अर्जी लगाई। दिव्य दरबार में तरह तरह के मरीज पहुंचे जिसमें मुंबई से आए अवधेश तिवारी ने बताया की वह कर्ज में पूरी तरह से डूबे है आज पहली अर्जी दरबार में लगाई, तो वही मुगलसराय से आए सुजीत यादव ने बताया की जब से दरबार में आने लगे है काफी फायदा मिला, चंदौली से आई नम्रता और मुंबई से आए शैलेश तिवारी तो दरबार में पहुंच कर रोने लगे, महराज जी ने आशीर्वाद देते हुए जल्द ही उनके समस्याओं के निदान हेतु उपाय बताया। साधक पंडित जय शंकर मिश्र महराज जी ने बताया कि हमारा मकसद पाखंड और अंध विश्वास को दूर करना है। संचालक ज्ञानेंद्र पाठक ने बताया कि दिव्य दरबार गुरुवार को भी लगेगा। दिव्य दरबार में प्रमुख रूप से रविन्द्र सिंह,नेत्र नारायण मिश्र,नीरज केसरवानी,दीपू पाठक,संतोष सिंह,आलोक पाठक,अनन्त तिवारी,विनीत दुबे,अभय मिश्र,अनुराग चतुवेर्दी,सिद्धांत,शनि शुक्ला,छोटू अम्बुज,संस्कार,अमन, रितिक सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

अभियान चलाकर बच्चों को किया जागरूक

जसरा। श्री लाल चन्द्र इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा प्रयागराज से आयी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में जागरूकता कराया गया व उन्हें शपथ ग्रहण कराया। तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के क्रम में क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय की शीतल शर्मा कक्षा 8अ ,शालिनी कक्षा 12 व अनुजा पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र राम व मुनेश बाबू अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी व गणेश प्रसाद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका मंजुला जैसल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा से आई टीम में डॉ० जमाल अहमद सिद्दीकी, डॉ० रूबी आदि लोग उपस्थित रहे।

अंबे तू है जगदंबे काली जय दुर्गे मां खप्पर वाली

जंघई। नवरात्रि पर्व पर प्रतिदिन सुबह शाम भक्तों द्वारा पूजन-अर्चन आरती किया जा रहा है मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल चनेथू शरीफाबाद पंडाल में भक्तों द्वारा कात्यायनी देवी का पूजन किया गया। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं, इनका स्वरूप अत्यंत ही भव्य और दिव्य है इनका रंग स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है। शेर पर सवार मां की चार भुजाएं हैं, इनके बायें हाथ में कमल और तलवार व दाहिनें हाथों में स्वास्तिक व आशीर्वाद की मुद्रा अंकित है। नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों एवं घरों में देवी मां के विभिन्न स्वरूपों का पूजन, अर्चन, आरती, देवी गीत, मांगलिक गीत, संगीत एवं धार्मिक उत्सव का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमे माता रानी के विस्तृत वर्णन के साथ उनके विविध स्वरुपों की पूजा, अर्चना, आरती भक्तों द्वारा सुबह-शाम किया जा रहा है। मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल चनेथू पंडाल में पूजन अर्चन के समय आचार्य धर्मेंद्र मिश्र, संकल्प कर्ता रोहित दुबे, जितेंद्र दुबे, अजय दुबे, दिलीप दुबे, प्रदीप दुबे नारायण, आशीष दुबे, परमिल दुबे, विकास दुबे, आचार्य सत्यम, अक्षत दुबे, रवि चौरसिया, विनोद मिश्रा, अभिषेक दुबे, अनुज दुबे बिग्गू, विशाल दुबे, दिव्यांश दुबे, गोविंद यादव, अमन दुबे, सुधांशु दुबे, शिवम दुबे, रवि दुबे, नितिन दुबे, विवेक दुबे, सत्यम दुबे, लक्ष्मण दुबे, शिवांश दुबे, संकल्प दुबे, अंश दुबे, वेद दुबे, अनुराग दुबे, हर्ष दुबे, यश दुबे, प्रिंस दुबे, वैभव दुबे सहित तमाम माताएं, बहनें एवं भक्तगण मौजूद रहे।

वारी में श्रीराम ने धनुष तोड़ा, सीता ने पहनाई वरमाला

जंघई। आर्य रामलीला समिति वारी रामलीला में धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। रावण और बाणासुर के संवाद के बाद जब सभी राजा धनुष उठाने में असफल रहे, तब भगवान श्रीराम ने शिव का धनुष तोड़ दिया। रामलीला में धनुष यज्ञ से परशुराम, लक्ष्मण संवाद एवं राम सीता विवाह की लीला का मंचन किया गया। जनकपुर में होने वाले स्वयंवर की खबर सुनकर देश-विदेश के राजा व राजकुमार आए धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने से पूर्व रावण बाणासुर संवाद होने पर आए देश -देश के राजगढ़ भयभीत हो गए उसके पश्चात बाणासुर धनुष के आगे सर झुकाते हुए वापस चला जाता है जनक के दरबार में रावण को भगवान राम के दर्शन हुए। इसके बाद सभी राजाओं ने धनुष हिलाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इस पर राजा जनक ने जब शोक प्रकट किया तो गुरु विश्वामित्र ने श्रीराम को धनुष उठाने की आज्ञा दी, जिस पर श्रीराम ने शिवजी का धनुष उठते ही तोड़ दिया। इस अवसर पर सरायममरेज थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक अरुण कुमार, उप निरीक्षक सौमित्र सिंह एवं बबलू सिंह, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, धनराज सिंह, नितिन सिंह, मनीष केसरवानी, अभिषेक सिंह, धर्मराज सिंह, दीपक सिंह, सनी सिंह, धनेश विश्वकर्मा, दीनानाथ पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

जसरा शिक्षक संघः एसपी सिंह अध्यक्ष व सरोज सिंह निर्विरोध बने मंत्री

बारा। ब्लॉक संसाधन केंद्र जसरा में बुधवार को उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ की जिला इकाई के मार्गदर्शन में ब्लाक इकाई का गठन किया गया। बीआरसी में सर्वसम्मति से डा. एसपी सिंह को अध्यक्ष और सरोज सिंह पटेल को मंत्री चुना गया। बीआरसी जसरा में जिला इकाई द्वारा घोषित चार सदस्यीय समिति ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई। सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक प्रत्येक पदों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए। समय रहते प्रत्येक पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त न होने की दशा में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव व मंत्री शिवबहादुर सिंह में निर्वाचित 25 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ओपीएस का संघर्ष हमारी प्राथमिकता है। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि शिक्षकों के हित व मान-सम्मान सदैव सर्वोपरि होगा। इस मौके पर शिक्षामित्र संघ जिलाध्यक्ष वसीम अहमद, राम विजय विश्वकर्मा, तन्मयानंद पांडेय, सलाहुद्दीन, सुलेखा सिंह, रामकुमार साहू, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, शिवभान सिंह, बृजेश पाल, श्यामा यादव, सरोज सिंह यादव, दीपिका गुप्ता, पूजा अग्रवाल, त्रिभुवन नाथ, सीएल सोनकर, राकेश सिंह, सुमित, शाहिद मौजूद रहे।

दुर्गा प्रतिमाओं पर उमड रही भक्तों की भीड

मऊआइमा। क्षेत्र में इन दिनों दुर्गा प्रतिमाओं पर भीड उमड रही है ।पूरे इलाका भक्ति मय हो गया है। सुबह शाम आरती उतारने के बाद भक्तों द्वारा अनेकों प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जा रही है। क्षेत्र के गांजियाबाद, सदर बाजार, हनुमान गढी,पूरे मियां जी, थाना पड़ाव, ब्लाक चौराहा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गयी है ।चारों तरफ जय कारे के नारे बुलंद हो रहे हैं। नवरात्रि के सातवें दिन कालरात्रि के नाम जानी जाती है ।देवी को सुरक्षा की स्वरूप की पूजा की गई लोगों ने मां की खूब सेवा की आरती भजन कीर्तन किया गंजिया बाजार में स्थापित मां की प्रतिमा राकेश केसरवानी ,रवि गुप्ता सभासद, प्रज्वल केसरवानी, अवधेश गुप्ता ,सचिन मौर्य ,राहुल मौर्य ,अभिनव गुप्ता, कुमुद गुप्ता, अन्वी गुप्ता, तुषार केसरवानी , प्रियांशु केसरवानी, श्वेक गुप्ता आदि उपस्थित रहते हैं।

सुलेख प्रतियोगिता में बृजमगंल कालेज रामपुर की मुस्कान रहीं अव्वल

करछना। पठन पाठन के साथ साथ सुलेख का भी अपना अलग महत्व है ।अच्छे लेखन का भी देखने और पढ़ने के दौरान मन मस्तिष्क पर अच्छा असर पड़ता है। परीक्षाओं में भी कापियां जांचते समय उत्तर पुस्तिका परीक्षकों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है ।बच्चों को चाहिए कि प्रतिदिन सभी बिषयों के लेखन के समय अपनी राइटिंग पर विशेष ध्यान दें। यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में जूनियर बालिका वर्ग की सुलेख प्रतियोगिता के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। इसके उपरांत सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में कक्षा 10की छात्रा मुस्कान पहले स्थान पर रहीं। इसी कक्षा की मुस्कान प्रजापति, ममता मिश्रा और सोनाली को बराबर अंक मिला जो संयुक्त रूप से दूसरे और 10 ब की प्रतिमा,मनीषा और ईषा को भी बराबर अंक मिला और संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। इस मौके पर 65छात्राओं ने सुलेख प्रतियोगिता में भाग लिया।

रामलीला का जादू: 109वीं वर्ष पुरानी परंपरा जारी

मांडा। यमुनापार क्षेत्र के महेवा कला में 109वीं वर्ष से चली आ रही रामलीला का मंचन जारी है। मंगलवर की रात सीता हरण की रामलीला का मंचन दर्शकों ने खूब सराहा ' रामलीला में श्रीराम अत्रि और अनसूया के आश्रम से होते हुए दण्डकारण्य पहुंचे और साधु-संतों की अस्थि समूह को देख कर उन्होंने निश्चर का नाश करने का संकल्प लिया. पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा 'पंचवटी में सूपर्णखा राक्षसी ने सीता पर हमला करने का प्रयास किया और लक्ष्मण ने उसके नाक कान काट दिए. खर-दूषण राक्षस का प्रभु राम ने संघार किया. स्वर्ण रूपी मारीच हिरण को भेज कर लंका पति रावण ने राम-लक्ष्मण को पर्णकुटी से दूर कर दिया और छल करते हुए सीता माता का हरण कर लिया ' गीधराज जटायु माता सीता को बचाने में रावण के हाथों वीरगति को प्राप्त हुआ. पर्ण कुटी में सीता को न पाकर प्रभु श्रीराम व्याकुल होकर विलाप करने लगे और उनकी तलाश में जुट गए ' राम सुंदरम पांडेय, लक्ष्मण छोटू शर्मा, सीता अंकित शर्मा, रावण अश्वनी श्रीवास्तव, खर सोनू शर्मा, दूषण सार्थक श्रीवास्तव, जटायू आशीष श्रीवास्तव, सूर्पनखा गुलाबचंद पांडेय, अत्री संदीप मिश्र के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा 'प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात लक्ष्मण शक्ति की रामलीला का मंचन किया जाएगा '

फरियादी को बार-बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े : एसडीएम

कोरांव। उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने बुधवार को सुबह तहसील सभागार में फरियाद सुनी। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से आए लोगों की शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आदेश एसडीएम ने दिया। एसडीएम ने कहा, जनसुनवाई कार्यक्रम शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में से एक है। जिस प्रकार तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, उसी प्रकार जनसुनवाई में भी शिकायतें सुनी जाती हैं और उनका निपटारा किया जाता है। शिकायतों का निस्तारण इस प्रकार से किया जाए कि फरियादी को बार-बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। समाधान का असर दिखना चाहिए। एसडीएम ने कहा, आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनसुनवाई समेत विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों को एक रजिस्टर पर दर्ज किया जाए और उनके अपडेट से अवगत कराया जाए। कहा, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपजिलाधिकारी के साथ नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह, नायब तहसीलदार डैय्या राममूरत भी मौजूद रहे। इस दौरान तहसील के अधिवक्ताओं ने भी अपनी समस्याएं गिनाईं।

गोमती इंटर कालेज का रहा प्रथम स्थान

हनुमानगंज। जमुनीपुर स्थित मोती लाल नेहरू इण्टर कालेज में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को 1500 मी. व 3000 मी. दौड़ में मोती लाल नेहरू इण्टर कालेज के विजय गौड़ का प्रथम स्थान रहा। ऊँची कूद जूनियर वर्ग में अभिषेक पाल प्रथम आये। ककरा स्थित महर्षि दुर्वार्सा इंटर कालेज के शुभम शुक्ला ने गोला व तावा फैक में प्रथम स्थान हाशिल किया। त्रिकुद में तिलक इण्टर कालेज के सोनू बिंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार प्रतियोगिता में गोमती इण्टर कालेज प्रथम स्थान उप विजेता मोती लाल नेहरू इण्टर कालेज रही तृतीय स्थान तिलक इण्टर कालेज का रहा। मोती लाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर विमल कुमार उत्तम ने विजय छात्रों को पुरस्कृत किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 18 विद्यालय के लगभग 500 छात्र ने प्रतिभाग किया। जानकारी देते हुए राजीव शुक्ला ने बताया की प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा जिसमें माद्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश नारायण मिश्र ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 उमेश प्रताप सिंह, डॉ0 विनय कुमार शुक्ल, उपेन्द्र कुमार वर्मा, खेल शिक्षक संजय कुमार, राम सागर,अरुण कुमार दुबे, समरेन्द्र प्रताप सिंह, आशुतोष कुमार, राजीव शुक्ला, अमर पाल सिंह आदि रहे।

हरियाणा में देश यशश्वी पीएम के विकास व सुशासन पर जनता ने लगाई मोहर : संजय गौतम

अखंड भारत संदेश

मेजा। भाजपा समर्थित रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की एक बैठक प्रयागराज के युवा जिलाध्यक्ष संजय गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें हरियाणा राज्य में हुए चुनावी मतगणना में भाजपा की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत पर पार्टी के शीर्ष लोगों को बधाई देते हुए श्री गौतम ने कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर एक बार पुनः भरोसा करके हरियाणा की जनता ने तीसरी बार ऐतिहासिक जीत का मोहर लगा कर यह सिद्ध कर दिया है कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज के ऊपर से लेकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक की चिंता करने वाली पार्टी है। श्री गौतम ने आगे कहा आज देश का हर गरीब,नौजवान,किसान मजदूर भारतीय जनता पार्टी को विश्वास और आस्था के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा जिस प्रकार से हरियाणा के लोगो ने मोदी जी और भाजपा के सुशासन और विकास पर मोहर लगाई है, उसी प्रकार से आने वाले अन्य राज्यों के चुनावों में भी उन राज्यों की जनता भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बना कर विरोधियों को बैक फुट पर लाने का काम करेगी। इतना ही नहीं प्रयागराज के युवा जिलाध्यक्ष ने हरियाणा में बीजेपी की इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय देश के पीएम नरेंद्र मोदी तथा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को देते हुए कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दिया और कहा कि राहुल गांधी को झूठ फरेब की राजनीति बंद कर देना चाहिए,और देश के पीएम तथा यूपी के सीएम को गुरु मान राजनैतिक सीख लेनी चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के नव नियुक्त प्रयागराज जिलाध्यक्ष श्री गौतम यहीं नहीं रुके उन्होंने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के सभी राजनीतिक पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि आज जाति और धर्म के नाम लोगों को बांटने वाले लोगों को हरियाणा की जागरूक जनता ने करारा जवाब दिया है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रजापति स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अवधेश प्रजापति, ओमप्रकाश मौर्या, डीके प्रजापति, सौरभ पटेल, मनीष मिश्रा, अधिवक्ता शकील अहमद, मेंहदी हसन, त्रिशूल नाथ सिंह तथा लवकुश पाल आदि के अलावा कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

सप्तमी व्रत के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज कर किया माँ कालरात्रि पूजन

कौंधियारा। ग्रामीण आंचल में जगह-जगह प्रारम्भ पवित्र शारदीय नवरात्रि में क्षेत्र के असंख्य लोगों द्वारा नव रात्रि का व्रत किया जाता है, जिसमे स्त्री, पुरूष बच्चे सभी व्रत करने के साथ साथ प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। बताते चलें कि नवरात्रि पर्व का प्रत्येक दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जाता है, किन्तु कुछ लोग प्रथम दिवस थापना व अष्टमी व्रत रखकर नवरात्रि पर्व मनाते हैं, तथा अधिकतर घरों में कन्या भोज कर यथा शक्ति दान करते हैं, सभी कन्याओं की पूजा करते हैं, यह खास पर्व शक्ति की आराधना का पर्व है, नवरात्रि के समय ही लोग नए कार्य करना शुभ मानते हैं, जारी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और पंडालो में जगह-जगह मां भगवती की आराधना की जा रही है सुबह शाम चहल-पहल बनी रहती है जारी बाजार के बड़े हनुमान मंदिर परिसर में मां भगवती की आराधना की जा रही है। दुर्गा मंदिर में भक्तो की पूजा अर्चना का क्रम लगातार चलता रहा, कई घरों में दुर्गा शप्त सती के पाठ का आयोजन लगातार पूरे नवरात्रि तक चलता रहेगा। बहुत से लोग निराजली व्रत भी रखकर शक्ति की आराधना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में मौजूद शोभा रंजीत गुप्ता ग्राम प्रधान गढ़ैयाखुर्द जारी ,अनुराधा गुप्ता, गुलाब देवी, माया देवी , किरन देवी ,मीरा देवी, शैल कुमारी शैलेंद्र कुमार गुप्ता, कृपानाथ तिवारी , नीरज श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, शरद गुप्ता, शोभित अग्रहरि, आदि भक्तगण मंदिर परिसर पर मौजूद रहे।

मांडा करमा सेतु के समीप सड़क पर गन्दा पानी जमा, लोगों में आक्रोश

मांडा। जिम्मेदार कर्मचारियों की हठधर्मिता से गांव के गली-मोहल्ले के अलावा विकास खण्ड मांडा का ग्राम पंचायत मांडा खास ही नाली की साफ सफाई के अभाव में करमा सेतु के समीप माँ माण्डवी देवी गेट कोरांव मुख्यमार्ग पर रमेश प्रजापति व वशीम मोहम्मद के दुकान के सामने सड़क पर गन्दा पानी जमा होने के कारण राहगीर एवं दर्शनार्थी गंदे पानी से गुजर कर मांडा क्षेत्र में स्थापित माँ दुर्गा व मांडवी देवी, मूढ़ली माता मन्दिर दर्शन के लिए आते जाते हैं। जिम्मेदार अधिकारियो एवं कर्मचारियों की उदासीनता से सड़को पर गन्दा पानी जमा हुआ है ' वही नालियां सिल्ट से अटी पड़ी हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मांडा खास करमा सेतु के समीप माँ मांडवी देवी गेट के पास जमा गन्दा पानी सफाई कर्मियों ने पिछले तीन महीनों से कदम नहीं रखा है। नाले नालियां गंदगी से उफन रही हैं। उनमें जगह-जगह सिल्ट भर गई है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय से सफाई कर्मियों के न आने की शिकायत की है '

जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन,बंधुआ श्रम समिति की बैठक आयोजित

कोराव। विकास भवन प्रयागराज के सीडीओ कांफ्रेंस हाल में मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन जनपद स्तरीय टास्क फोर्स एवं बंधुआ श्रम जिला स्तरीय सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रयाग राज गौरव कुमार ने की। और सभी निर्धारित एजेंडों और पिछली कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की। गौरव कुमार ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 और 2024- 25 में बाल श्रम निरीक्षण,चिन्हांकन,एवम सेवायोजको के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की स्थिति,बंधुआ श्रमिकों के अवमुक्ति करण और पुनर्वासन,नवीन बंधुआ श्रमिक पुनर्वसन योजना,तथा समरी ट्रायल में उप जिलाधिकारी स्तर पर लंबित मामलों की स्थिति आदि पर चर्चा के पश्चात समीक्षा की और समुचित निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। सीडीओ ने उप कर,श्रमिकों के पंजीकरण,और योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। सीडीओ ने बाल श्रम और बंधुआ श्रम पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि शादी ब्याह आदि एवं कुछ अन्य कार्यक्रमों में बाल श्रमिक यदि कार्य करते मिलें तो सेवायोजकों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दुकानदार के यहां छोटा या बड़ा प्रतिष्ठान हो बच्चे काम करते मिलें तो उन्हे टास्क फोर्स या किसी मजिस्ट्रेट के साथ समुचित कार्यवाही करें। साथ ही सारे कार्यक्रमों की एक गुगल सीट तैयार करें और अवगत कराने को कहा। बैठक में जिला बंधुआ श्रम सतर्कता समिति के सदस्य ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे उपाध्यक्ष हिंद मजदूर सभा प्रयागराज,सचिव मिसकिन सेवा संस्थान ट्रस्ट ने बैठक में बी ओ सी श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीन करण और योजनाओं के आवेदन में आ रही समस्याओं पर चर्चा उठाई। जिस पर सीडीओ साहब के निर्देश पर डा,संजय लाल सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज क्षेत्र ने शीघ्र ही समस्याएं दूर होने की बात कही। साथ ही निर्माण कार्य स्थलों पर श्रमिकों के पंजीयन किए जानें की भी जानकारी बैठक में दी। और लोगों के सुझाव भी लिए गए। बैठक में सीडीओ प्रयाग राज के अतिरिक्त ए एल सी प्रयाग राज डा संजय लाल,श्रम प्रवर्तन अधिकारी गण महेंद्र सिंह,अवनीश त्रिपाठी,अनिता शुक्ला,शिवचरण लाल,प्रतिमा मोर्या,आदि कई श्रम अधिकारी और नाजिम अंसारी सोशल वर्कर सहित समितियों के मनोनित सदस्य उपस्थित रहे।,संचालन ए एल सी ने किया। और हर बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

जिलाधिकारी से नहीं मिलेगा पत्रकार संघ का प्रतिनिधि मंडल

कोरांव। तहसील के अधिकारियों के द्वारा फोन न रिसीव किए जाने समेत कई अन्य मसलों को लेकर जिलाधिकारी से मिलने वाला प्रतिनिधि मंडल अब जिला मुख्यालय नहीं जाएगा। अंतरर्राज्यीय पत्रकार संघ के मंडल अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने बताया कि उपजिलाधिकारी कोरांव के साथ-साथ तहसील स्तरीय अधिकारियों के द्वारा पत्रकारों का फोन नहीं रिसीव करने समेत कई अन्य मामलों को लेकर संघ द्वारा जिलाधिकारी से मिलने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, इस मामले में उप जिलाधिकारी कोरांव के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने पर फिलहाल के लिए लिए गए निर्णय को स्थगित कर दिया गया है।

गंगा नदी पर बनाए जा रहे सिक्स लेन ब्रिज का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गंगा नदी पर बनाए जा रहे सिक्स लेन ब्रिज के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण बुधवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने ब्रिज निर्माण कार्यों के अंतर्गत एवं महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत प्रस्तावित अस्थाई स्टील पाइप ब्रिज के कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए ब्रिज के अलाइनमेंट एवं बेली एसटीपी से फाफामऊ की ओर जाने वाले इसके रास्ते का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने गंगा नदी में तटबंध के लिए चल रहे रेत ड्रेजिंग के कार्यों को देखा तथा विभागीय अधिकारियों को अगले 2 दिनों में अस्थायी ब्रिज का निर्माण प्रारम्भ करते हुए उसे अनिवार्य रूप से 10 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। अस्थाई ब्रिज के अलाइनमेंट को समझने के लिए उन्होंने नाव से जिस स्थान पर ब्रिज बनना है उसका दौरा भी किया तथा गंगा नदी की गहराई एवं अन्य संबंधित आवश्यक जानकारी ली। इस क्रम में मटेरियल स्टैकिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया गया तथा फैब्रिकेशन यार्ड में कार्यों का अवलोकन करते हुए उन्होंने स्टील पाइल ब्रिज के डिजाइन एवं ड्राइंग संबंधित आवश्यक जानकारी ली। ब्रिज निर्माण के दृष्टिगत की जा रही सामग्री एवं उपकरणों की खरीद एवं अब तक कितना मटेरियल साइट पर आ चुका है उससे सम्बंधित जानकारी भी ली जिस पर सम्बंधित ठेकेदार द्वारा अवगत कराया गया कि पर्याप्त मात्रा में सामग्री आ चुकी है एवं शेष सामग्री अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक साइट पर प्राप्त हो जाएगी।

अपर पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी की सहअध्यक्षता में हिंदू, मुस्लिम धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ बैठक सम्पन्न

सभी धर्मगुरू व सम्भ्रांत नागरिक सामाजिक कटुता व वैमनस्यता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर पुलिस व प्रशासन को करायें अवगत

प्रयागराज। अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की सहअध्यक्षता में बुधवार को त्रिवेणी सभागार, पुलिस लाइन में सामाजिक सौहार्द, एकता, भाईचारा बढ़ाने एवं आपसी समन्वय के साथ समाज में शांति बनाये रखने हेतु हिंदू, मुस्लिम धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची ने बैठक में कहा कि सरकार कानून व्यवस्था के सम्बंध में बहुत सख्त है तथा जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अपराध व अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी गलत कार्य व अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, तो आप सभी पुलिस को सूचित करें, जिससे ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध समय से प्रभावी कार्यवाही हो सके और सामाजिक, धार्मिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाये रखा जा सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वों के बारे में भी पुलिस को सूचित करें, जिससे अफवाहों पर समय रहते विराम लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आपको कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखायी देता है, तो उसके बारे में अवगत करायें, जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे समाज में कुछ ऐसे असामाजिक तत्व है, जो अपने निहित स्वार्थवश या बहकावे में आकर लोगो के मध्य सामाजिक कटुता व वैमनस्यता फैलाना चाहते है, हम आप सभी धर्मगुरूओं व सम्भ्रांत नागरिकों से अपेक्षा करते है कि ऐसे सामाजिक कटुता व वैमनस्यता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर पुलिस व प्रशासन को अवगत करायें, प्रत्येक व्यक्ति एक-दूसरे धर्म के विरूद्ध कोई ऐसी टिप्पणी न करें, जिससे कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे आपसी समन्वय एवं सामाजिक सौहार्द बनाने में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे इस अवसर पर उपस्थित धर्मगुरूओं व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के द्वारा सामाजिक सौहार्द व एकता बनाये रखने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए गए। इस अवसर पर हिंदू, मुस्लिम धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ डीसीपी नगर अभिषेक भारती, डीसीपी गंगापार कुलदीप सिंह गुनावत, डीसीपी यमुनापार विवेक चंद्र यादव, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

स्लिम चेहरे पर ही दांव, फूलपुर से मुज्तबा सपा उम्मीदवार

कांग्रेस की दावेदारी को झटका, तीन बार MLA रहे हैं मुज्तबा

प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर सीट पर उप चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर दिया। सपा ने मुस्लिम चेहरे पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी पर ही दांव लगाया है। मुस्लिम-यादव प्रत्याशी से इतर दूसरी जाति का उम्मीदवार उतार वोट खींचने की अटकलों को विराम लग गया।साथ ही कांग्रेस की फूलपुर सीट पर दावेदारी खत्म हो गई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार फूलपुर में सम्मेलन कर संदेश दे रहे थे कि यह सीट उनके खाते में आएगी। हालांकि मुज्तबा सिद्दीकी लातार फूलपुर सीट पर प्रचार में जुटे थे। उनके करीबी लोगों का साफ कहना था कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तैयारी के लिए बोल दिया है। मुज्तबा सिद्दीकी तीन बार विधायक रह चुके हैं। वे 2002 से 2012 तक सोरांव विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इकसे बाद 2017 में प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक बने। वर्ष 2022 के चुनाव में वह फूलपुर से चुनाव लड़े लेकिन 2775 वोटों से हार गए थे। प्रयागराज की फूलपुर सीट प्रदेश की हॉट सीटों में शुमार है। जातीय गणित की वजह से अभी तक भाजपा ने भी यहां से उम्मीदवार नहीं घोषित किया है। बसपा ने फूलपुर सीट से शिव बरन पासी को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के प्रवीण पटेल के सांसद बन जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल सपा के अमरनाथ मौर्या से इस विधानसभा सीट पर पीछे रह गए थे। फूलपुर सीट पर ओवैसी और पल्लवी पटेल की पीडीएम भी फूलपुर सीट से प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं। ऐसे में इस सीट पर चुनावी गणित काफी बिगड़ने वाला है।

नैनी कोतवाली प्रभारी से एसपीओ टीम के अधिकारियों ने की मुलाकात

नैनी। नैनी क्षेत्र में अक्टूबर माह में पड़ने वाले त्यौहार नवरात्रि दुर्गा पूजा दशहरा दीपावली धनतेरस आदि महत्वपूर्ण दिवस पर शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन के साथ सेवा सहयोग करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर नैनी थाना प्रभारी वैभव सिंह से विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह आदि लोगों ने मुलाकात की। इस मौके पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रभारी नैनी कोतवाली इंचार्ज को बताया कि दशहरा दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन सरगम का दशहरा एवं दीपावली को संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग देने का निश्चय एसपीओ टीम ने किया है। मूर्ति विसर्जन, नैनी दशहरा को सकुशल संपन्न कराने में विशेष पुलिस अधिकारी अपना सहयोग देने का निर्णय लिया किन-किन स्थानों पर ड्यूटी के बारे में उप प्रभारी ने अवगत कराई कॉटन मिल तिराहा शंकर ढाल नैनी बाजार होते हुए मेवा लाल बगिया से सब्जी मंडी के तरफ प्रस्थान हो जाएगी शांति व्यवस्था बनाए रखने में अन्य ट्रैफिक को नियम पालन करने में प्रशासन का पूरी सहयोग देने के लिए टीम को निर्देश दिया गया है।

सनातन धर्म में बेजोड़ उदाहरण है श्रीराम की पितृ भक्ति - लहरी भइया

मेजा। भगवान श्रीराम की आज्ञाकारिता और उनकी उत्कृष्ट पितृ भक्ति सनातन धर्म में एक अद्वितीय एवं बेजोड़ उदाहरण है। ऐसा उदाहरण संसार में कोई दूसरा नहीं मिलता है। इस तरह की भक्ति की कुछ झलक अंधे मां बाप के आज्ञाकारी पुत्र श्रवण कुमार और महाराष्ट्र के छठवीं सदी के मशहूर संत पुंडलिक महाराज की अनुचर्या में जरूर मिलती है। उक्त बातें पूर्वांचल के प्रसिद्ध समाजसेवी श्यामकान्त शुक्ला उर्फ लहरी भइया शिकरा कला, गैपुरा, मिजार्पुर में आयोजित रामलीला में उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीरामचंद्र गुणों की खान थे। उनके अंदर असंख्य गुण थे लेकिन उनके सारे गुणों में उनकी पितृ भक्ति और आज्ञाकारिता आज के बच्चो के लिए विशेष रूप से अनुकरणीय है। विदित हो कि समाजसेवी श्री शुक्ल ने गांव वालों के बुलावे पर सिकरा कला, जिला मिजार्पुर की रामलीला में बतौर अतिथि पहुंचे थे। इस दौरान उनका मंच पर अंगवस्त्र और फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भगवान श्रीराम के राजतिलक की घोषणा, मंथरा का कैकेई को बहकाना, कैकेई का रूठना और राजा दशरथ से दो वरदान मांगना, राजा दशरथ का मूर्छित होना और राम बन गमन की रामलीला खेली गई। लहरी भइया ने युवाओं को भगवान राम की नकल करने, उनकी तरह आज्ञाकारी होने और अपने माता पिता की सेवा को सर्वोपरि समझने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अध्यक्ष रविंद्रकुमार पाठक, रेवती रमण पाठक, मैनेजर संतोष पाठक, डायरेक्टर प्रफुल्ल पाठक, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश पाठक, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार पाठक, सचिव ओम प्रकाश बिंद, सदस्य शुभम पाठक, शिवम पाठक, छवीनाथ हरिजन, गणेश बाबा गिरी, छात्र नेता हेमंत तिवारी, माता जतन तिवारी, जय प्रकाश बिंद तथा बृजराज गिरी आदि के अलावा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

सीता ने लांधी लक्ष्मण रेखा रावण ने किया हरण

नैनी। नैनी सार्वजनिक रामलीला ट्रस्ट स्वदेशी काटन मिल में चल रहा रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें सीता हरण, शबरी प्रकरण, हनुमान राम मिलन सुग्रीव राम मित्रता, बाली युद्ध। रावण साधु का वेश धारण करके आता है, सीता लक्ष्मण रेखा पार करती हैं, रावण उनका हरण कर लेता है। लक्ष्मण रेखा हर युग में बाध्यकारी है। इसका उल्लंघन व्यक्ति को संकट ग्रस्त कर देता है। मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी शांति विलास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अजय शुक्ला, आर आर ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष त्रिपाठी, पप्पू लाल निषाद रहे रामलीला समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, जूही जायसवाल, शालू चड्ढा, रुचि तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, अजय यादव, दिलीप केसरवानी, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, जय कृष्ण तिवारी, शिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, समर सिंह राजा सिंह, रितेश शुक्ला, धर्मराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

नैनी दशहरा में रौद्र रूप में निकलेगी माँ काली

नैनी। नैनी क्षेत्र में मां काली स्वांग कमेटी, चक भटाही नैनी के तत्वाधान में इस बार के नैनी दशहरा में माँ काली अपने रौद्र रूप में भक्तजनो को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगी। माँ काली का स्वांग चक भाटाही से शुरू होकर, कॉटन मिल तिराहा, शंकरढाल, नैनी बाजार, नैनी स्टेशन, हनुमान नगर, मेवा लाल बगिया, सब्जी मंडी होते हुए चक भाटाही तक वापस लौटेंगी। यह जानकारी श्याम बहादुर श्रीवास्तव ने दी।

रोजगार मेलें में कुल 47 अभ्यर्थियों का चयन

नैनी। नैनी मंगलवार को औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें इंडो विजन कंपनी ने प्रतिभाग किया। इस मेलें में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 47 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन अधिकारी प्रभाकर तिवारी, प्रदीप झा मोहम्मद कौसर, रोहित शुक्ला, अधिवक्ता विनय पांडे,शीतला प्रसाद, सुधांशु शर्मा, प्रीति पांडे, श्रीकांत आदि उपस्थित रहे।

बाली वध एवं लंका दहन की लीला का अत्यंत मनोहरी मंचन हुआ

नैनी। नैनी क्षेत्र में बुधवार को श्री अवंतिका रामलीला में सबरी प्रसंग, बाली वध एवं लंका दहन की लीला का अत्यंत मनोहरी मंचन हुआ। उम्र भर से प्रतीक्षारत शबरी के आश्रम राम पहुंचते हैं एल। सबरी राम को देखकर भाव विव्हल हो जाती है। वह राम को बड़े प्रेम से मीठे-मीठे बेर खिलाती है। राम शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं। सबरी राम के चरणों में देह त्याग देती है। राम उसे सद्गति प्रदान करते हैं। अगले दृश्य में सुग्रीव और बाली के बीच बड़ा ही लोमहर्षक युद्ध होता है। राम एक ही बाण से बाली को धराशाई कर देते हैं। बाली पहले तो राम को अन्यायी कहता है परंतु राम के उत्तर से वह निरुत्तर हो जाता है। वह अंततः अपनी भूल स्वीकारता है और पुत्र अंगद को राम की शरण में देता है तथा भगवान राम से अत्यंत मार्मिक प्रार्थना करता है, अगले भाग में लंका दहन की लीला का अत्यंत रोमांचकारी मंचन हुआ। रामलीला में प्रमुख रूप से संस्थापक विमल पांडेय, महामंत्री अवधेश पांडेय, संरक्षक मीना पांडेय, अरुण त्रिपाठी, डॉ आनंद पांडेय, आस्था पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, अनंत झा, राकेश त्रिपाठी, उदय प्रताप सिंह, एन बी सिंह, राधे श्याम तिवारी, धीरज मिश्रा, आर के शुक्ला, यजुर्वेद जन्मेजय, विजय राज सिंह, गुड्डू सिंह, बी एन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

बाली वध एवं लंका दहन की लीला का हुआ मनोहरी मंचन

नैनी। नैनी क्षेत्र में बुधवार को श्री अवंतिका रामलीला में सबरी प्रसंग, बाली वध एवं लंका दहन की लीला का अत्यंत मनोहरी मंचन हुआ। प्रतीक्षारत शबरी के आश्रम राम पहुंचते हैं सबरी राम को देखकर भाव विव्हल हो जाती है। वह राम को बड़े प्रेम से मीठे-मीठे बेर खिलाती है। राम शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं। सबरी राम के चरणों में देह त्याग देती है। राम उसे सद्गति प्रदान करते हैं। अगले दृश्य में सुग्रीव और बाली के बीच बड़ा ही लोमहर्षक युद्ध होता है। राम एक ही बाण से बाली को धराशाई कर देते हैं। बाली पहले तो राम को अन्यायी कहता है परंतु राम के उत्तर से वह निरुत्तर हो जाता है। वह अंततः अपनी भूल स्वीकारता है और पुत्र अंगद को राम की शरण में देता है तथा भगवान राम से अत्यंत मार्मिक प्रार्थना करता है, अगले भाग में लंका दहन की लीला का अत्यंत रोमांचकारी मंचन हुआ। लंका दहन होते ही अंजनी पुत्र महाबली हनुमान की जय के जयकारे गूजने लगते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से संस्थापक विमल पांडेय, महामंत्री अवधेश पांडेय, संरक्षक मीना पांडेय, अरुण त्रिपाठी, डॉ आनंद पांडेय, आस्था पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, अनंत झा, राकेश त्रिपाठी, उदय प्रताप सिंह, एन बी सिंह, राधे श्याम तिवारी, धीरज मिश्रा, आर के शुक्ला, यजुर्वेद जन्मेजय, विजय राज सिंह, गुड्डू सिंह, बी एन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

मां जगत जननी युवा कमेटी की तरफ से दुर्गा पूजा अनुष्ठान

प्रयागराज। करेहदा, (तारापुर) भोपतपुर शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर डॉ अतुल शर्मा ने अपनी पत्नी परिवार व मोहल्ले के लोगो के साथ मिलकर अपने आवास पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं। जिसमे अश्वनी पटेल श्रीयांशू पटेल मोनू शर्मा मनीलाल यादव नीरज शर्मा भैय्यान यादव उज्जवल शर्मा पंकज शर्मा छोटू विश्वकर्मा अनीस जित्तू वर्मा अजीत पटेल प्रदुम सिंह मनीष यादव कैलाशनाथ विश्वकर्मा इंद्रजीत सुनील मंजीत अविनाश अभिषेक पटेल संदीप साहू शिवम केडी दिनेश गोलू वर्मा चौधरी समीर आदि ने पवित्र कलश स्थापना के साथ शुद्ध मन, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की।डॉ अतुल शर्मा ने दुर्गा माता से सभी लोगों के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। इस उत्सव में मां दुर्गा के नौ दिव्य रूपों के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया गया।

सीताहरण प्रसंग का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया

नैनी। नैनी मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा सूपनखा नाक, कान निपातन और सीताहरण प्रसंग का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया। सूपनखा रावन की वहिनी, दुष्ट हृदय दारुनि दुख अहिनी। पंचवटी सो गई एक बारा, देखि विगल भई युगल कुआरा। रामलीला मैदान में रामभक्तों ने मंचन कार्यक्रम केदौरान कई बार कलाकारों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन भी किया। रामलीला मंचन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, राकेश श्रीवास्तव, संयोजक वरिष्ठ पार्षद यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, मंत्री राजकुमार कुशवाहा, सलाहकार विजय कुशवाहा, रमेश केसरवानी, बबलू विधायक, शिव शंकर दीक्षित, आशीष राय, रोहित शुक्ला, महेश यादव, मारुति नंदन तिवारी, मुकेश यादव, अर्पित तिवारी शामिल रहें।

पूजा पंडाल में माँ कालरात्रि का पूजा अर्चना हुआ

नैनी। नैनी क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की पत्रकार विकास परिषद भारत के मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज लोकेश तिवारी ने माँ कालरात्रि के चरणों में अपना शीष नवाया और सभी के कुशलता के लिए माँ से आशीर्वाद माँगा और सभी के कुशलता के लिए ममता मयी माँ से कामना किया।

समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी ने नैनी में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर जन कल्याण का मांगा आशीर्वाद

मेजा। समाजसेवी तथा भाजपा नेता रामकृष्ण त्रिपाठी ने बुधवार को लोकपुर नैनी में चल रहे मां दुर्गा सच्चा दरबार में पहुंच कर मां विंध्यवासिनी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मां के चरणों में प्रसाद स्वरूप फल एवं नकदी भी चढ़ाया। पूजा के दौरान समाजसेवी श्री त्रिपाठी ने जन कल्याण के लिए माता रानी से सभी श्रद्धालु भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा।

पत्नी से नाराज युवक ने लगाई फाँसी

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के भागीपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि वह अपनी पत्नी को मायके बुलाने गया था उसकी पत्नी नही आई वह अकेला आया और अपने कमरे में जा कर पत्नी की साड़ी का फंदा बना कर फाँसी लगा ली। भागीपुर निवासी नितिन पुत्र रामबाबू की शादी डेढ़ साल पहले बसगीध उतरवा में हुई थी। तीन महीने पहले नितिन की पत्नी मायके गई थी तब से वापस नही कई नितिन कई बार उसे बुलाने भी गया। मंगलवार को भी नितिन अपनी पत्नी को मायके बुलाने गया था। वह नही आई नितिन वापस आया और अपने कमरे में जा कर दरवाजा बंद कर लिया। बुधवार की सुबह माँ ने आवाज दी पर नितिन नही बोला दोपहर में भी जब नितिन अपने कमरे के बाहर नहीं आया तो मां ने खिड़की से देखा तो नितिन फंदे पर झूल रहा था यह देख मां के पैरों तले जमीन के चलते और वह दहाड़े मार कर रोने लगी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर नितिन के शव को बाहर निकला। सूचना पर थाना प्रभारी सरायइनायत भी मौके पर पहुंचे शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उन्होंने बताया कि पत्नी से अनबन होने के बाद नितिन यह कदम उठाया।

फंदे से लटकी मिली युवक युवती की लाश

नेहा को पत्नी बताता था राजेंद्र, कर चुका था शादी, पिता ने कहा दोनों को मारकर लटकाया गया, उसकी वजह से जेल गया था

प्रयागराज। प्रयागराज में युवक और युवती की लाश फंदे से लटकी मिली। युवक के पिता का आरोप है कि दोनों को मारकर लटकाया गया है। इस आरोप के बाद पुलिस जिसे सुसाइड केस मानकर चल रही थी। अब उसकी बारीकी से जांच कर रही है।तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश है। ऐसे में सुबह से शाम हो गई। लेकिन, शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। पुलिस के सामने तीन सवाल हैं।पहला- क्या दोनों की हत्या की गई

दूसरा- क्या युवक ने युवती की हत्या की, उसके बाद उसकी बॉडी फंदे पर लटकाई और फिर खुद सुसाइड किया

तीसरा- क्या दोनों सुसाइड किया है

इन तीन सवालों के बीच 24 घंटे से केस अनसॉल्व है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से तीनों सवालों के जवाब मिल सकते हैं। युवक के पिता का कहना है कि जमीन लिखवाने के लिए धमकी दी जा रही थी। इसके बाद हत्या कर दी गई।इसके अलावा युवक के जेल जाने के बाद अवैध संबंध को लेकर एक कहानी सामने आई है। पुलिस सभी एंगलों पर जांच कर रही है। मृतक राजेंद्र के पिता प्रभुनाथ ने शिवकुटी पुलिस को तहरीर दी है कि उनके बेटे भगवानदीन उर्फ राजेंद्र कुमार की हत्या की गई है। उनका कहना है कि राजेंद्र अपनी पत्नी नेहा के साथ ससुराल मेंहदौरी कॉलोनी आया था। ससुराल वालों की मिलीभगत से एक अन्य युवक जो इस पूरे मामले में सबसे अहम है। उसने साजिश के तहत बेटे-बहू की हत्या कर दी। उन्हें फांसी पर जबरन लटकाया गया।प्रभुनाथ का आरोप है कि एक युवक घर आकर धमकी देता था। वह राजेंद्र के ससुराल वालों से जुड़ा है। उसका कहना था कि पांच बिस्वा जमीन लिख दो, नहीं तो बेटा भगवानदास जेल से छूटेगा तो जान से मार डालेंगे। राजेंद्र पर जब पास्को एक्ट का केस हुआ था तो यही युवक सबसे आगे था। राजेंद्र के पिता का कहना है कि जेल में रहने के दौरान वह धमकी देकर धीरे-धीरे तीन लाख रुपए वसूल चुका है। वह धमका रहा था कि पांच बिस्वा जमीन और पांच लाख रुपए दे दो तो मुकदमें में सुलह करा देंगे। रकम न देने पर उसकी हत्या की गई है। राजेंद्र के भाई अरविंद का कहना है कि 2021 में नेहा उर्फ लक्ष्मी नाबालिग थी, तो राजेंद्र उसे भगा ले गया था। इस पर नवाबगंज थाने में उसके खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। तीन साल तक जेल में रहने के बाद कुछ माह पहले बाहर आया। बाहर आने के बाद वे दोनों एक दूसरे के साथ पति-पत्नी की तरह रहने लगे। चर्चा रही की दोनों ने मंदिर शादी भी कर ली थी। पहले तो दोनों के घरवाले नाराज रहे लेकिन बाद में मान गए। लेकिन नेहा अधिकतर अपने मायके में रहती थी।

कठौली गेट नंबर 26 सी पर ट्रेन की चपेट में आई एक और महिला की मौत

रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा क्रासिंग बंद करने तथा ग्रामीणों को आने जाने के लिए विकल्प के तौर पर कोई रास्ता न देने के कारण आए दिन कभी ट्रेन तो कभी सड़क हादसे में जा रही है लोगों की जान

मेजा। रेलवे लाइन पार कर घर जा रही महिला की कठौली रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेन से कट कर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस शव को पंचायत नामा कर दाह संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया। मेजा थाना क्षेत्र के कठौली गांव की रहने वाली लगभग 65 वर्षीय महिला नौरंगी देवी पत्नी गुरु प्रसाद जैसल बुधवार को किसी कार्य से कठौली मेन गांव में गई थी। बताते हैं कि वापस लौटते वक्त समय लगभग 7 बजे शाम जैसे ही गेट नंबर 26 सी के बगल थोड़ा सा छूटे हुए रास्ते से रेलवे लाइन पार कर रही थी वह ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। तत्पश्चात लोगों ने घटना की सूचना मेजारोड चौकी पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों की सहमति से शव का पंचायत नामा कर दाह संस्कार किए जाने हेतु परिजनों को सौंप दिया। महिला की मौत से परिजनों का रो रो बुरा हाल है। उल्लेखनीय है कि रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के पूर्व निर्मित रेलवे क्रासिंग 26सी/3ई को जब से पूरी तरह से बंद कराया गया है तब से लेकर अब तक कठौली गांव के दर्जनों लोगों की ट्रेन दुर्घटना के चलते मौत हुई है। दरअसल कठौली गांव एक बड़ी आबादी वाला गांव है जिसकी आधी आबादी रेलवे क्रासिंग के दक्षिण तथा आधी आबादी क्रासिंग के उत्तर में रहती है। इसके अलावा बगल में एक और गांव समहन स्थित है वहां भी आने जाने का एक मात्र रास्ता कठौली रेलवे क्रासिंग ही था। किंतु बीते 6माह पूर्व कठौली और समहन गांव के लोगों को आने जाने हेतु बिना कोई रास्ता अथवा ओवरब्रिज या फिर अंडर पास पुलिया दिए ही रेलवे के अधिकारियों ने क्रासिंग को पूरी तरह से लाक कर दिया है। जिसके कारण उक्त गांवों के लोग कभी ट्रेन तो कभी सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भईया जी सहित कई अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग के अधिकारियों के अड़ियल रवैवे के कारण ही लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। उनका मानना है कि यदि रेलवे विभाग गेट बंद करने के पूर्व ग्रामीणों को आने जाने हेतु विकल्प के तौर पर अंडर पास पुलिया आदि की व्यवस्था किया होता तो शायद ट्रेन हादसे में लोगों की जान न जाती और न ही समहन टिकुरी सड़क हादसे में छात्रा रिद्धि मिश्रा और अन्य छात्राएं घायल होती।

नौकरी दिलाने के नाम पर प्रतियोगी छात्र से हुई ठगी

अखंड भारत संदेश

झूंसी। स्थानी थाना क्षेत्र के कटका में रहने वाले प्रतियोगी छात्र के साथ ठगी का मामला प्रकाश में आया है। शतिरो ने युवक की नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये एंठ लिए अब पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। चंदौली सकलडीहा थाना क्षेत्र के गोइजर चतुर्भुज गांव निवासी सतीश यादव पुत्र राम अवतार यादव झूंसी के कटका में रह कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। सतीश ने बताया कि 27 अगस्त को उसके मोबाइल पर अभिषेक जैमिनी नाम के युवक का फोन आया उसने सतीश की नौकरी मर्चेंट नेवी में लगवाने की बात कही और साथ में तीन अन्य लोगों से भी बात कराई सतीश के व्हाट्सएप पर कुछ कागजात भी भेज कर सतीश को झांसे में ले लिया इसके बाद सतीश से जालसाजों ने 1 लाख 75 हजार की रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली सब कुछ दिन इंतजार करने के बाद नौकरी नहीं लगी तो सतीश ने अपना पैसा मांगा पैसा मांगने पर जालसाजों ने उसे जान से मारने की धमकी दी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान के गंगापुर सिटी निवासी अभिषेक जैमिनी, सचिन जैमिनी, प्रहलाद गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पार्षद पुत्र सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

झूंसी। अपर पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद झूंसी पुलिस ने पार्षद पुत्र व एक युवती सहित पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। सोनौटी निवासी मुकुल पुत्र मूलचंद ने अपर पुलिस आयुक्त से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि बीते 27 सितम्बर को स्थानीय पार्षद का बेटा प्रियांशु, मोनू पुत्र चंदर रितेश, रुपा, रंजित हमारे घर पर आए और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे विरोध करने पर पियांशु व मोनू ने लाठी डंडे से पीटने लगे शोर शराबा सुनकर बीच बचाव करने पहुंची मुकुल की मां के साथ भी मारपीट की गई। आप है कि इस दौरान पार्षद पुत्र में तमंचे से फायर करते हुए कहा कि अगर गांव छोड़कर नहीं गए थे अंजाम पूरा होगा। पंडित ने मामले की लिखित शिकायत झूसी पुलिस से की थी लेकिन जब मामला दर्ज नहीं किया गया तो पीड़ित ने पुलिस के उच्च अधिकारियों का दरवाजा खटखटाया तब झूंसी पुलिस ने 13 दिन बाद मामला दर्ज कर लिया।

स्कूल की कन्याओं ने ग्रहण किया हलुआ पुड़ी का प्रसाद

परियावां, प्रतापगढ़। नवरात्रि के सप्तमी के पर्व पर विकास खंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत रेवली के कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को ग्राम प्रधान अमित कुमार व पिता पूर्व ग्राम प्रधान विजय कुमार ने स्कूल की छोटी छोटी 221 कन्याओं को स्कूल परिसर में हलवा व पुड़ी का प्रसाद मातारानी का जयकारा लगाते हुए ग्रहण कराया। और उसके बाद सभी कन्याओं को यतो उचित दक्षिणा देकर उनके पैर को स्पर्श करते हुए अगले बरस फिर मातारानी आना कहकर नम आखों से विदा किया। कुछ पल के लिए स्कूल में मौजूद शिक्षकगण लोग भावुक हो उठे। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय सोनामऊ में कन्या भोजन का आयोजन किया गया जिसमे खंड शिक्षा अधिकारी कालाकांकर, रनीश तिवारी, सर्वेश मिश्रा, प्रधानाध्यापक संजय शुक्ला, सहायक अध्यापक प्रियंका शुक्ला, चंद्र प्रकाश शिक्षा मित्र सुनीता देवी मौजूद रही।

मत्स्य पालन के लिये पट्टों की कराई जाए जांचः डा0 संजय कुमार

मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मत्स्य मंत्री ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

अधिकारियों के साथ बैठक करते मत्स्य मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद।

प्रतापगढ़। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मत्स्य विभाग के मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मत्स्य अधिकारी विकास कुमार दीपांकर ने मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर बिन्दुवार प्रकाश डाला। समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जनपद में मत्स्य पालन हेतु किये गये पट्टा आवंटन की टीम गठित कर जांच करा ली जाये, यदि किसी अपात्र व्यक्ति को पट्टे का चयन हो गया है तो पट्टा निरस्त करके पात्र व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु पट्टे का आवंटन किया जाये। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मत्स्य पालन हेतु होने वाले पट्टों की ग्रामसभाओं में सूची चस्पा की जाये जिससे लोगों को जानकारी हो सके और पट्टा हेतु कौन कौन से दस्तावेज की आवश्यकता होती ग्रामसभाओं में चस्पा किया जाये जिससे ग्रामसभा में प्रत्येक व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु सूचना प्राप्त हो सके और पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके, मत्स्य विभाग की योजनाओं का पम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये। मत्स्य अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 5368 तालाब है, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 63 का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से 10 पट्टे का आवंटन किया गया है जिस पर मंत्री ने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अक्टूबर माह में लक्ष्य को पूर्ण किया जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

दुर्घटना में मत्स्य विभाग मंत्री हुए घायल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मत्स्य विभाग मंत्री डॉ0 संजय निषाद बुधवार को लखनऊ से प्रतापगढ़ आ रहे थे। इसी दौरान रायबरेली जिले के सलोन क्षेत्र में उनके काफिले का एक्सीडेंट हो गया। इस दौरान सलोन में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल प्रतापगढ़ लाया गया जहां उनका उपचार किया गया। बता दें कि मत्स्य विभाग मंत्री डॉ संजय निषाद लखनऊ से अपने कार के काफिले के साथ प्रतापगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होने आ रहे थे। रास्ते में रायबरेली जिले के सलोन क्षेत्र के पास उनके काफिले की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया जिससे मंत्री घायल हो गये। आनन-फानन में मंत्री को प्राथमिक उपचार के लिये सलोन ले जाया गया जहां उपचार के बाद उन्हें प्रतापगढ़ लाया गया जहां उनका उपचार किया गया। मंत्री के घायल होने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और मंत्री का हालचाल जाना।

पचीस हजार का ईनामिया धराया, गया जेल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पचीस हजार के ईनामिया व गैंगेस्टर के वांछित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव व प्रशान्त दुबे बुधवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर लालगंज कालाकांकर मार्ग स्थित नहर के पास घेराबंदी करके तमंचे के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी पर पचीस हजार का ईनामिया है। वह गैंगेस्टर का भी आरोपी है। अपने गैंगलीडर राजकुमार वर्मा, अनुज वर्मा उर्फ अरविंद, राजू उर्फ शिवकुमार आदि के साथ मिलकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया करता है। उसके खिलाफ अन्तू व लालगंज कोतवाली में कुल पांच मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार ईनामियां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

नीति व अत्याचार से संघर्ष के रास्ते न्याय की मजबूती का संदेश है मां दुर्गा का अवतार-प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने दुर्गा पाण्डालों पर टेका मत्था

अखंड भारत संदेश

भटनी में देवी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आध्यात्म की सच्ची साधना लोगों के बीच सदभावना के वातावरण को मजबूती प्रदान करना है। उन्होने कहा कि आदिशक्ति मां दुर्गा के अवतार में हमें सदैव अनीति तथा अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष की प्रेरणा मिला करती है।

बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी विभिन्न दुर्गा पाण्डालों में आयोजित देवी उत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी जन्मस्थली भटनी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होनें कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव मानवता तथा सभी को साथ लेकर विकास पथ पर बढ़ने का मौलिक संदेश दिया करती है। उन्होनें कहा कि धर्म तथा भाषा एवं क्षेत्रवाद तथा जातिवाद के नाम पर देश को तोड़ने वाली ताकतों को परास्त करने में हमें आध्यात्म के चिंतन को मजबूती प्रदान करना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत की विविधता में एकता की संस्कृति पूरे दुनिया में हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की अजेय शक्ति है। श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान द्वारा पूर्व प्रधान अशोक सिंह के संयोजन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्वामी करपात्री जी का चित्र एवं श्रीफल तथा धार्मिक ग्रन्थ प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कार्यक्रम का संचालन सौरभ ओझा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, डा. चन्द्रेश सिंह, रामचंद्र तिवारी, सचीन्द्र शुक्ल, भइयाराम तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामनरेश यादव, सोनू पाण्डेय, अरूण ओझा, अनुराग तिवारी, राकेश तिवारी, विपुल तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, भुवनेश्वर शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, जगदीश तिवारी बबलू, गौरव केसरवानी, रवीन्द्र मिश्र, शीतला प्रसाद दुबे, राजेश तिवारी बाबा आदि रहे।

शातिर अभियुक्त पर लगा गैंगस्टर

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि चोरी जैसे संगीन अपराधों में अभ्यस्त दो शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिसमे गिरोह का लीडर हिमांशू तिवारी अन्तर्जनपदीय स्तर का शातिर अभियुक्त है जिस पर चोरी जैसे लगभग आधा दर्जन से ज्यादा अभियोग पंजीकृत है। बता दें कि पुलिस के मुताबिक गैंग लीडर हिमांशू तिवारी पुष्पेन्द्र प्रजापति के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह कायम कर रखा है, जो अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है।

डांडिया नृत्य से समाप्त होती है नकारात्मकताः डॉ शाहिदा

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुआ डांडिया नृत्य

अखंड भारत संदेश

डांडिया नृत्य करती स्कूल की अध्यापिकाएं व चेयरपर्सन।

प्रतापगढ़। न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में विद्यालय परिवार द्वारा डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाओं, छात्राओं एवं उनकी माताओं ने भाग लिया और डांडिया नृत्य में जमकर धमाल किया।

धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में डांडिया को मां दुर्गा की आराधना और उत्सव के रुप में मनाया जाता है डांडिया नृत्य के द्वारा भक्त देवी को प्रसन्न करते हैं। एफ़ ज़ीनत, पूनम श्रीवास्तव, मंजू मिश्रा, रेखा शुक्ला,मधु मिश्रा, शकुन्तला सिंह, वीना मिश्रा, माधुरी त्रिपाठी, चंचल पांडे, रीता जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव, नीरज, श्रेया, शिखा, रुचि, एकता, सुरभि, समीक्षा, स्वाति, नैनसी आदि ने मिलकर डांडिया नृत्य कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बी के सोनी ने विद्यालय परिवार को दशहरा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने सभी को दशहरा की बधाई देते हुए बताया कि डांडिया नृत्य से नकारात्मकता समाप्त होती है और हम सबको सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

श्रीरामलीला में भक्तिभाव के बीच श्रद्धालुओं में दिखी उमंग, हुआ भगवान का जयघोष

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ रोड पर आदर्श रामलीला समिति कोटवा शुकुलपुर के संयोजन में श्रीरामलीला का मंचन देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे।

कलाकारों द्वारा श्रीराम जन्म पर प्रस्तुति देख श्रद्धालु भी भए प्रकट कृपाला दीनदयाला के सुर में खुद भी रम गये। वही सीता स्वयंवर तथा रावण बाणासुर संवाद व धनुष टूटने पर लक्ष्मण परशुराम संवाद का भी मंचन कलाकारों ने मनमोहक किया। समिति के संरक्षक पूर्व प्रधान आदर्श मिश्र के संयोजन में श्रीरामलीला के मंचन में श्रद्धालु बीच बीच में भगवान श्रीराम का जयघोष भी करने में मगन दिखे। राजा दशरथ का प्रस्तुतिकरण मुन्ना यादव तथा भगवान श्रीराम का चरित्र राजेन्द्र, लक्ष्मण में विपिन यादव, सीता का चरित्र अनुपम विश्वकर्मा एवं हनुमान जी का स्वरूप राजू एवं बाणासुर का प्रस्तुतीकरण सुरेश वर्मा, जनक का विपिन विश्वकर्मा, गुरू विस्वामित्र में सत्यम वैश्य, गुरू वशिष्ठ में शिवशंकर, मंथरा में माता प्रसाद का प्रस्तुतीकरण सराहनीय दिखा। व्यास जयप्रकाश विश्वकर्मा का भी योगदान सराहनीय दिखा। मार्गदर्शक एवं संरक्षक की भूमिका में पूर्व प्रधान आदर्श मिश्र सराहे गये। श्रीरामलीला का मंचन देखने के लिए श्रद्धालु पूरी रात भक्तिभाव में जमे दिखे।

खो-खो प्रतियोगिता में यूपीएस मल्हूपुर मानधाता विजेता

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता की विजयी टीम।

प्रतापगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व और जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, जिला स्काउट मास्टर सुशील सिंह के देखरेख में बुधवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय खो खो कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लाको से बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

इसमें प्राथमिक बालिका खो खो में यू पी एस मल्हूपुर मांधाता विजेता, उच्च प्राथमिक बालक खो खो में यू पी एस चांदपुर गौरा विजेता, यू पी एस मल्हूपुर उपविजेता, प्राथमिक बालिका कबड्डी और उच्च प्राथमिक बालक में लक्ष्मणपुर विजेता, प्राथमिक बालिका कबड्डी उपविजेता रही, जिसमें निर्णायक की भूमिका में विमल कुमार, कपिल देव, पवन सिंह, राम बहादुर, राजेंद्र पांडे, शैलेश सिंह, आदित्य, पंकज सिंह, कौशलेंद्र सिंह, राजीव सिंह, श्रीमंत शुक्ल, सुभाष पाण्डे, राम सुख प्रजापति थे। सभी अच्छे बालक बालिकाओं का मंडलीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। बता दें कि गुरुवार को प्राथमिक बालक और उच्च प्राथमिक स्तर बालिका खो खो और कबड्डी तथा बास्केट बॉल, जिम्नास्टिक, ताइक्वाण्डो, योगा स्पोर्ट स्टेडियम व क्रिकेट जीआईसी ग्राउंड में सुबह दस बजे से प्रतियोगिताओ का आयोजन होना है।

एक ही रात दो विद्यालयों में चोरी से हडकम्प

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात दो विद्यालयों मे चोरी की घटना से बुधवार को हडकंप मच गया। अमावां स्थित जनता शिक्षा समिति तथा मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना अंजाम दिया। चोरों ने जनता शिक्षा समिति में लगे पांच सीसी कैमरे समेत कीमती सामान चोरी कर ले गये। प्रबन्धक धीरेन्द्र पाण्डेय ने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दी है। वहीं मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में स्टेबलाइजर समेत सामान उठा ले गये। प्रबधंक दीपेन्द्र सिंह ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की इन घटनाओं मे बदमाशों ने वारदात के पहले विद्यालयों की बिजली काट दी। बुधवार की सुबह स्कूलों मे चोरी की घटना को लेकर हडकंप मच गया। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा। इधर ही एक ही रात में दो विद्यालयो मे चोरी की वारदात से अमावां क्षेत्र में हडकंप का माहौल दिखा।

सांसद का स्वागत करते लोग।

सांसद एसपी पटेल ने सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल ने बुधवार को अपने आवास पर लोगों की जनसमस्याएं सुनने के पश्चात रानीगंज विधानसभा के नगर पंचायत रानीगंज की बैठक में सम्मिलित हुए। वहां पर मौजूद रही अध्यक्ष मीरा गुप्ता एवं सभासदों ने अपनी बातें रखी। इस मौके पर सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि किसी भी तरह का कार्य को रोक नहीं जाएगा जिससे रानीगंज विधानसभा विकास हो और अगर किसी तरह का दिक्कत आती है तो किसी को भी नहीं बक्शा जायेगा। इस मौके पर सांसद ने रानीगंज नगर पंचायत की औचक निरीक्षण भी किया। हर वार्ड के बारे में हर सभासदों से पूछताछ की। इस मौके पर डॉक्टर शेर बहादुर यादव, बीएल वर्मा, संतोष यादव, आशुतोष पांडे, राम प्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, उर्मिला यादव आदि लोग मौजूद रहे।

किरायेदार पर मकान न खाली करने व धमकी का आरोप, दी तहरीर

लालगंज, प्रतापगढ़। मकान किरायेदार पर मकान खाली न करने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने लीलापुर थाने में तहरीर दी है। हरिहरपुर कैलहा पांती गांव निवासी रामआसरे पुत्र रामस्वरूप ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसे मुख्यमंत्री आवास मिला है। इस मकान को गांव के मो. नसीम व एनुलहसन पुत्रगण मो. शरीफ ने जनवरी माह में दो माह के लिए किराये पर लिया। आरोप है कि अब आरोपी मकान खाली नहीं कर रहे हैं। मकान खाली करने की बात कहने पर जातिसूचक गाली देते हुए जानलेवा धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

एक ग्राम पंचायत सचिव के सहारे एक ग्राम पंचायत

बीडीओ कालाकांकर ने तीन माह पूर्व डीपीआरओ को भेजा पत्र

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। प्रदेश की योगी सरकार ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए हर ब्लाक में एक ग्राम पंचायत सचिव को कम से कम नियमानुसार तीन गावों का सचिव बना रही है लेकिन जनपद के ब्लाक कालाकांकर में दो साल से केवल एक गांव अतौलिया के ग्राम पंचायत सचिव शशिकांत सिंह ग्राम पंचायत का कार्य देख रहे हैं।

जबकि अन्य ग्राम पंचायत सचिवों के पास तीन से चार ग्राम पंचायत है लेकिन अतौलिया ग्राम पंचायत के पास दो ढाई साल से एक ही ग्राम पंचायत का कार्य देख रहे है जिसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने डीपीआरओ को पत्र भेजकर मामले को अवगत कराया कि नियमानुसार ग्राम पंचायत सचिव शशिकांत सिंह को कम से कम तीन नये ग्राम पंचायत और आवंटन किए जाए। बीडीओ द्वारा दिए निवेदन पत्र पर अभी तक डीपीआरओ की तरफ से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई जिसके चलते जिन पंचायत सचिवों के पास कई गांव है, उनको ग्राम पंचायत के कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लेखाकार की नियुक्ति न होने से पसरा सन्नाटा

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर में 31 सितंबर 2024 को सेवानिवृत हुए लेखाकार श्रीनाथ प्रजापति की जगह अभी तक किसी नये लेखाकार की नियुक्ति न होने से ब्लाक मुख्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। लेखाकार की नई नियुक्ति न होने से ग्राम पंचायतों का विकास कार्य ठप पड़ गया है जिसको लेकर ग्राम प्रधान भी ब्लाक नहीं पहुंच रहे हैं। बिना लेखाकार के कोई कार्य पंचायत संबंधी नहीं हो पा रहा है। बीडीओ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव के ट्रेनिग पर चले जाने से कुछ ही लोग ब्लाक में मौजूद रहे जिसमे समाज कल्याण के सुनील कुमार, प्रभारी एडीओ पंचायत सहायक सुशील कुमार जायसवाल, महावीर, सत्य नारायन, शिव प्रकाश, संदीप कुमार, पन्नालाल आदि मौजूद रहे। ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी दिव्या मिश्रा से ब्लाक मुख्यालय में लेखाकार की नई नियुक्ति कराने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है जिससे ग्राम पंचायत के कार्य में बाधा उत्पन्न न हो सके।

भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे कांशीराम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गरीब, शोषित, पिछले-दलितों की बुलंद आवाज़ बहुजन नायक कांशीराम की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष निसार अहमद व संचालन पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी व निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक एकीकरण के लिए काम किया। इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पिछड़ा वर्ग महासचिव विशाल मौर्या अंकुर, अश्वनी सोनी, उपाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, विनोद यादव, आरके भीम, विश्वनाथ पाल, राजकुमार विश्वकर्मा, विपिन पाल, अजय प्रताप यादव, संजय यादव, रामसुंदर यादव, यादवेन्द्र यादव, अनिल कुमार, चन्द्रपाल यादव, अमीरूल हक, राजकुमार सरोज, अंकुश यादव, डा.एजाज, अनिल यादव, मो.जलाल, करोड़ीमल शर्मा, देवराज यादव, महेंद्र पाल, रामलाल पटेल, ज्ञानेंद्र पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

गायब पैसा खाते में वापस मिलने से खाताधारक ने ब्रांच मैनेजर का किया सम्मान

लालगंज, प्रतापगढ़। महिला के खाते से उड़ाया गया पैसा ब्रान्च मैनेजर की सक्रियता से महिला के खाते मे वापस मिल सका है। इससे महिला ने ब्रान्च मैनेजर का माल्यार्पण कर सम्मान किया। लीलापुर थाने के अजगरा बाजार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बडौदा बैंक की शाखा है। गांव की पुष्पा देवी पत्नी सुदामा शर्मा यहां खाताधारक है। बीते सितंबर माह में साइबर ठगों द्वारा महिला के खाते से बाइस हजार नौ सौ रूपये निकाल लिया गया। पीडिता ने इसकी शिकायत ब्रान्च मैनेजर विकास पाण्डेय से की। ब्रान्च मैनेजर की शिकायत पर क्राइम ब्रान्च ने सक्रियता दिखाते हुए पीड़ित महिला के खाते में पैसा वापस कराया। खाते में पैसा वापस आने पर बुधवार को खाताधारक ने ब्रांच मैनेजर का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

सीडीपीओ व बीडीओ ने सुलझाया विवाद

लालगंज, प्रतापगढ़। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रधानाध्यापक के खिलाफ की गयी शिकायत पर बुधवार को सीडीपीओ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ विद्यालय पहुंचकर शिकायत की हकीकत खंगाली। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे ओझा में आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित होता है। यहां तैनात कार्यकत्री मीना ओझा ने प्रधानाचार्य अनन्तपाल सिंह पर विद्यालय के गेट में जबरन ताला बंद कर लेने तथा उसे विद्यालय परिसर में न आने देने का आरोप लगाया। पीड़ित कार्यकत्री की शिकायत पर बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सरोज व सीडीपीओ ममता सिंह ने विद्यालय पहुंचकर मामले की हकीकत खंगाली। अफसरों ने प्रधानाचार्य व आंगनबाड़ी कार्यकत्री के बीच बातचीत करके विवाद को सुलझाया। सीडीपीओ ने बताया कि समस्या का निराकरण करा दिया गया है।

विभिन्न निर्माण कार्यों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

राजकीय महा विद्यालय सिराथू में फिनिसिंग कार्य को जल्द पूरा कर करें हैण्ड ओवर

कौशाम्बी। शासन स्तर पर सीआईएमएस पोर्टल पर जनपद में कराये जा रहें एक करोड़ के ऊपर के निर्माण कार्यों की समीक्षा लगातार की जा रही है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा जनपद स्तर पर संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यो कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति जानी जिलाधिकारी द्वारा निमार्णाधीन राजकीय महा विद्यालय सिराथू का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया गया कि महा विद्यालय परिसर में हो रहे फिनिसिंग का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाय। छात्रों के लिए खेल का मैदान भी विकसित किया जाय, क्लासरूम में बोर्ड लगवाया जाय और झण्डा रोहण हेतु ओडियम को ऊँचा बनाया जाय। सारे कार्य खत्म करके 15 दिनों के अन्दर हैण्ड ओवर किया जाय। जिलाधिकारी ने दारा नगर कड़ाधाम कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएनडीएस फतेहपुर को निर्देश दिया गया कि परियोजना को अविलम्ब अधिशासी अधिकारी दारा नगर को हस्तांतरित किया जाय तथा एप्रोच रोड को पूर्ण कर लिया जाय।जिलाधिकारी ने चक कमासिन में ग्राम पेयजल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिया है।

जिलाधिकारी ने ग्राम चक सैनी में निमार्धीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया जिस पर इण्टर लाकिंग ओपेन एयर जिम तथा इण्टर लाकिंग का कार्य कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी कड़ा को दिए। उन्होंने समस्त निर्माणधीन भवनों तथा टंकियों पर आकाशीय बिजली अवरोधक यन्त्र लगाये जाने का निर्देश दिए।

अनुपस्थित डॉक्टरों से डीएम ने किया स्पष्टीकरण तलब

जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर का किया गया औचक निरीक्षण

नरसिंहपुर कछुआ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/ प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाडी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर नरसिंहपुर कछुआ का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया, ट्रामा सेंटर के भवन की स्थिति जर्जर पायी गयी जिसे देखकर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी मरम्मत जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर ,आईपीडी रजिस्टर ,स्टॉक बुक का अवलोकन किया गया, अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह से ट्रामा सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली निरीक्षण के दौरान एक रोगी अस्पताल में उपचार हेतु आया था उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते समय सर्जन डॉक्टर आशीष और डॉक्टर ओपी वर्मा निश्चेतक अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण तलब किया है इन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिसर की साफ सफाई संतोष जनक पायी गयी। इसके उपरान्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर कछुआ, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाडी केन्द्र नरसिंहपुर कछुआ का आकास्मिक निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी द्वारा बच्चां की उपस्थिति, मिड्डे मील, टीचरों की उपस्थिति एवं पढाई की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर सख्त हिदायत देते हुए बच्चों की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिए निरीक्षण में पढाई की गुणवत्ता ठीक पाई गयी तथा सभी टीचर उपस्थित पाये गयें।

गेहेशवर सिंह व प्रतिभा पटेल प्रथम तो तेजस व शिखा रहे द्वितीय

स्टार किड्स स्कूल विछौरा में गांधी जयंती अवसर पर हुई थी प्रतियोगिता, प्रतियोगी छात्रों को स्कूल की मैनेजर डा. नीतू ने मेडल आदि देकर किया सम्मानित

कौशाम्बी। मंझनपुर मुख्यालय से सटे बिछौरा के समीप संचालित स्टार किड्स प्री स्कूल एंड स्टार वैली इंटरनेशनल स्कूल में दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सामान्य ज्ञान, मेंहदी, लेखन आदि विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। आठ अक्टूबर को प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को स्कूल की मैनेजर डा. नीतू कनौजिया द्वारा जहां मेडल आदि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया वहीं उन्होंने छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। बता दें कि स्टार किड्स प्री स्कूल एंड स्टार वैली इंटरनेशनल स्कूल में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस अवसर पर समान्य ज्ञान, मेहंदी, लेखन व कला आदि विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमे काफी छात्र छात्राओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आठ अक्टूबर को विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें जी.के विषय की प्रतियोगिता में गेहेशवर सिंह प्रथम, तेजस द्वितीय तो अंश श्रीवास्तव तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं मेंहदी प्रतियोगिता में इशिता प्रथम, प्रतिभा पटेल द्वितीय तो शिखा तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह सभी विषयों पर छात्रों ने अच्छा प्रर्दशन किया। सभी प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को स्कूल मैनेजर डा. नीतू कनौजिया द्वारा सम्मानित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा शिक्षा के बगैर सभी ज्ञान अधूरे होते हैं, ऐसे में शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण विषय माना गया है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

दशहरा मेला के लिए प्रशासन ने कसी कमर, क्षेत्राधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

21 व 22 अक्टूबर को होने वाले दशहरा मेले के लिए अझुवा चौकी में हुई बैठक

अझुवा कौशाम्बी सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा पुलिस चौकी प्रांगड़ में मेला कमेटी के पदाधिकारियों ,चौकी कमेटी ,रोशनी कमेटी और नगर के संभ्रांत लोगों के साथ सर्किल आफिसर सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बैठक ली इस दौरान कमेटियों के पदाधिकारियों और मेला अध्यक्ष चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा से राय मशविरा कर उनके सुझाव मांगे गए उन्होंने संबंधितों को बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रशासन मेला सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है मेले में 3 प्रमुख बिंदुओं पर खाश तरजीह देते हुए कहा मेले में आने वाले डीजे की ऊंचाई और साउंड सिस्टम डीजे की ऊंचाई के बराबर रहनी चाहिए, डीजे और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शन करने वाले ड्राइवर के पास ड्राइविंग लाइसेंस हों,ड्राइवर नाबालिग और नशे में नहीं होने चाहिए,3 मुख्य पुलिस बूथ बनाए जाएंगे,नई व्यवस्था कोई भी नहीं रहेगी, सौहार्दपूर्ण वातावरण में दशहरा मेला का आयोजन होगा सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जाएगी अफवाह फैलाने एवं अराजकता पूर्ण व्यवहार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्राधिकारी ने सकुशल मेला सम्पन्न कराने हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित करने वाले चौकियों और डीजे गुजरने वाले रास्तों और चौराहों का भारी संख्या मे पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया है। चौकी इंचार्ज अझुवा जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया यूं तो नगर में लगने वाले विशाल मेले में जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात रहेगी लेकिन 3 मुख्य पुलिस बूथ बनाए जाएंगे भोला चौराहा,टेंडरी तिराहा,, पुरानी गल्ला मंडी। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ,सैनी कोतवाल जय चंद्र शर्मा,शंकर लाल केसरवानी,गल्ला मंडी अध्यक्ष गुड्डू उर्फ दिनेश केसरवानी,अम्बर भाई,विद्युत जेई महेंद्र नाथ,सार्थक सिंह आर पी ओ एनएचआई,अजीत कुमार पाण्डेय एनएचआई,कृष्ण मुरारी एनएचआई,व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र अग्रहरि,रंजीत केसरवानी उर्फ गुड्डू दराना,दीपक साहू, उदय अग्रहरी ,अमित केसरवानी(दीप पैलेस)सहित तमाम सम्मानित कमेटी के पदाधिकारी ,संभ्रांत लोग मौजूद रहे हैं।

केपीएस भरवारी और एन डी कान्वेंट स्कूल में भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन

कौशाम्बी। केपीएस भरवारी और एन डी कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में बुधवार को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। इस उत्सव की शुरूआत संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार द्वारा की गई, जिन्होंने कन्या पूजन का आयोजन कर बालिकाओं को भोज कराया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस धार्मिक अनुष्ठान ने भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान और शक्ति की महत्ता को और अधिक उजागर किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा रावण दहन, जिसे स्कूल के प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक विशाल रावण का पुतला तैयार किया, जिसका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। हेलो किड्स के छोटे-छोटे बच्चों ने राम, लक्ष्मण और सीता के वेश में रावण वध की लीला का मंचन किया। इन नन्हे कलाकारों ने अपनी मासूमियत और अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।रावण का पुतला जलते ही पूरे स्कूल प्रांगण में जय श्री राम के नारों की गूंज उठी। बच्चों ने जोश के साथ बुराई के प्रतीक रावण के अंत का उत्सव मनाया और देश की संस्कृति और त्योहारों के महत्व को गहराई से समझा। इस अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना की और उन्हें अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका मार्गदर्शन बच्चों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा, और उन्होंने स्कूल के इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।इस भव्य आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि यह बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करने पर केंद्रित था। दशहरा जोकि बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, के माध्यम से स्कूल ने अपने विद्यार्थियों को सिखाया कि सत्य और धर्म की राह पर चलने वालों की हमेशा जीत होती है। इस संदेश को बच्चों ने पूरे उत्साह से आत्मसात किया और अपनी ऊर्जा और जोश से माहौल को जीवन्त बना दिया। इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों के लिए शिक्षाप्रद होते हैं, बल्कि अभिभावकों और समाज के अन्य सदस्यों को भी प्रेरित करते हैं। केपीएस भरवारी और एन डी कान्वेंट स्कूल के इस अनोखे और प्रेरणादायक आयोजन ने समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाया। आयोजकों की मेहनत और विद्यार्थियों की भागीदारी ने इस आयोजन को सफल और यादगार बना दिया दशहरा का यह पर्व बच्चों के साथ-साथ स्कूल के पूरे स्टाफ के लिए एक अनमोल सीख का अवसर बन गया, जहां सभी ने मिलकर बुराई के अंत और सत्य की जीत का जश्न मनाया।

अषाढा पेट्रोल पंप से छिमिरछा गांव की सड़क बनवाने की सांसद से मांग

महेवाघाट कौशाम्बी अषाढा पेट्रोल पंप से छिमिरछा गांव के खराब सड़क को बनवाए जाने की मांग को लेकर पूर्व प्रधान छिमिरछा महमूद आलम ने लोकसभा सांसद कौशाम्बी से बात चीत करके प्रार्थना पत्र दिया पूर्व प्रधान ने कहा कि सड़क बहुत खराब है जिससे आवागमन में लोगो को दिक्कत होती है और लोग परेशान होते हैं खराब सड़क पर गिरकर गांव के लोग चोट खा जाते हैं सांसद कौशाम्बी पुष्पेन्द्र सरोज ने जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन पूर्व प्रधान को दिया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार दंपत्ति घायल

कौशांबी। कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर के पास बाइक सवार दंपति सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल दम्पत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जिले के हथगाव निवासी वाहिद अली पुत्र शाहिद हुसैन अपनी पत्नी शाहजहां बेगम के साथ कड़ा थाना क्षेत्र की ओर जा रहे थे गौसपुर के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं जिससे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायल दंपत्ति को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है और मामले की सूचना पुलिस के साथ परिवार के लोगों को दे दी गई है

एसडीएम व सीओ ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी। उप जिलाधिकारी मंझनपुर और क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने पुलिस बल के साथ करारी थाना क्षेत्र में पैदल गस्त किया 12 अक्टूबर को होने वाले ऐतिहासिक दशहरे के आयोजन की सफलता को लेकर को एसडीएम मंझनपुर वा सीओ अभिषेक सिंह ने बुधवार को पुलिस बल के साथ करारी क्षेत्र में पैदल गस्त किया और सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

खाद्यान्न के उठान वितरण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान खरीद की तैयारी के संबंध में बैठक

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) द्वारा उदयन सभागार में खाद्य व रसद विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2023 के अन्तर्गत खाद्यान्न के उठान व वितरण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान खरीद की तैयारी की समीक्षा की गयी। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम से सीधे उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न प्रेषण की समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिये गये कि डिपो से खाद्यान्न की लोड़िग के पश्चात ट्रकें सीधे कोटेदारों की दुकान तक पहुँचे। कही भी अनावश्यक रूप से रोके जाने, निर्धारित रूटचार्ट के विपरीत अन्य मार्ग से जाने अथवा कोटेदार के दरवाजे पर खाद्यान्न नहीं पहुँचाने या किसी भी प्रकार की घटतौली की शिकायत पाये जाने पर कठोर कार्यवाही संबंधित के विरूद्ध की जायेगी। खाद्यान्न के उठान से लेकर लाभार्थियों के मध्य वितरण का निरन्तर मॉनिटरिंग के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी को दिये गये। स्थानीय स्तर पर सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को तथा विपणन निरीक्षकों एवं सप्लाई निरीक्षकों को भी खाद्यान्न से लदी ट्रकों की जी0पी0एस0 टैकिंग के निर्देश दिये गये। धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में मात्र 944 कृषक पंजीकरण पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मंडी सचिव मंझनपुर तथा सभी क्रय एजेन्सी प्रभारियों को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। सभी विपणन निरीक्षकों को किसानों से वार्ता कर कृषक पंजीकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। धान खरीद की समस्त तैयारी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश क्रय एजेन्सी प्रभारियों को दिये गये। इलेक्ट्रॉनिक कॉटों का सत्यापन अभी तक नहीं होने के कारण मंडी सचिव मंझनपुर को फटकार लगायी गयी और उन्हें चेतावनी दी गयी कि तीन दिनों के अन्दर समस्त इलेक्ट्रॉनिक कॉटों का सत्यापन बाट-मांप विभाग से कराते हुये उन्हें क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराये। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी समस्त ठेकेदार क्षेत्रीय विपणन अधिकारी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विपणन निरीक्षक, सप्लाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

हिस्ट्रीशीटर की अपराधिक सक्रियता से क्षेत्र में दहशत का माहौल

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरियावा के चौराडीह गांव का एक हिस्ट्रीशीटर इन दिनों फिर आपराधिक गतिविधियों में तेजी से सक्रिय है और आपराधिक गतिबिधियों में सक्रिय इस हिस्ट्रीशीटर की निगरानी पुलिस नहीं कर रही है और अपने गैंग को बना कर-के अपराधिक घटनाओं को हिस्ट्रीशीटर अंजाम दे रहा है हिस्ट्रीशीटर के आतंक अत्याचार से क्षेत्र के लोग जुबान नहीं खोल पाते हैं बताया जाता है कि पुलिस चौकी इंचार्ज बरियावा का इस हिस्ट्रीशीटर से मधुर संबंध है।

अदालत की अवमानना कर जमीन कब्जा करने पर यह हिस्ट्रीशीटर लगा है तो लोगों को गाली गलौज कर मारपीट करने पर यह हिस्ट्रीशीटर हमेशा उतावला रहता है लेकिन उसके बाद हिस्ट्रीशीटर पर चौकी इंचार्ज की मेहरबानी बनी है बताया जाता है पूर्व में हत्या डकैती लूट सहित तमाम आपराधिक घटनाओं को यह हिस्ट्रीशीटर अंजाम दे चुका है हिस्ट्रीशीटर के सक्रियता की सूक्ष्म जांच के साथ गुंडा एक्ट गैंगस्टर सहित बिभिन्न कठोर कार्यवाही इस हिस्ट्रीशीटर पर किए जाने की जरूरत है।

जिला परिषद के नाम पर मनमानी ढंग से व्यापारियों से होती है वसूली

प्राईवेट चपरासी द्वारा दबंगई पूर्वक वसूली से ब्यापारी त्रस्त

मनमाना ढंग से पैसा ना मिलने पर ब्यापरियों को तरह तरह देता है धमकी

नेवादा कौशाम्बी सरकार के आदेश के बाद भी विभाग मे प्राईवेट कर्मचारी अधिकारियों के रहमो करम पर मनमानी ढंग से अपना बिकराल रूप ले लिया है और क्षेत्र मे काफी जाल बिछा कर भोली भाली जनता व दबे कुचले ब्यपारी किसी तरह अपना जीवन व अपने परिवार का भरण पोषण कर जीवन यापन करते हैं उन ब्यापारियों का शोषंण किया जा रहा है जो असहाय लोग न कहीं शिकायत कर सकते हैं और न कहीं जा सकते हैं चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ बाजार व अन्य गांवो मे जिला परिषद इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार के आदेश पर प्राईवेट चपरासी बल्लू यादव नामक व्यक्ति इस समय काफी सुर्खियों मे है इस प्राईवेट चपरासी से छोटे वर्ग के ब्यापारी काफी त्रस्त हैं यह चपरासी ब्यापरियों से हमेशा टेक्स के नाम पर तगादा करता है ब्यापारी के विरोध करने पर दबंगई पूर्वक धमकी देता है और असभ्य भाषा का प्रयोग कर मारपीट पर भी उतारु हो जाता है और धमकी देता है कि मै जितना कहता हूँ उतना दे दिया करो नही तो साहब से कहकर लाईसेन्स बनवा दूंगा और चपत लगा दूंगा तो इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार भी चपरासी की बातों मे आकर उन छोटे कटेगरी के ब्यापारियों पर अपनी भड़ास निकालने व दहशत मे डालकर तमाम प्रकार से धन उगाही की बात करते हैं और साफ लफ्जों मे कहते हैं कि अगर गांव देहात मे कोई ब्यापारी 500/रुपये का प्रतिदिन बिजनेश करता है तो एक वर्ष मे 39000/रुपये का टैक्स भरना पड़ेगा अब सवाल उठता है कि इस छोटे वर्ग के ब्यापारी को 500/ सौ रुपए के बिजनेस मे कितने परसेंट की बचत हुई जो साहब को 39000/रुपए टैक्स की भरपाई करेगा और उसके बाद अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करेगा जो गंभीर जांच का विषय है क्यों कि जब से कोरोना जैसे भयानक बीमारी फैली है छोटे वर्ग के ब्यापरियों की कमर तोड़ दी है वह पूरी तरह से टूट चुके हैं ऊपर से गांव देहात के ब्यापरियों ने इस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार के कार्यकाल व प्राईवेट चपरासी बल्लू यदव के जिला परिषद के नाम पर एवं मनमाने ढंग से अवैध वसूली से त्रस्त हैं व दहशत मे हैं।

इस समय ब्यापारियों को पूर्व इस्पेक्टर अमर मौर्या की याद आई है क्यों कि अमर मौर्या जैसे शील स्वभाव एवं छोटे ब्यापारियों को हमदर्द प्रतीत हुये और ऐसे इस्पेक्टर की क्षेत्र मे जरुरत है और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे वर्ग के ब्यापरियों ने जिलाधिकारी का ध्यान इन अधिकारी व चपरासी की ओर आकृष्ट कराते हुये न्याय की मांग की है।

न्यूज झरोखा

समाजसेवी लोकप्रिय ब्यापारी अशोक गुलाटी की हुई मौत, मुहल्ले में शोक की लहर ब्यापारियो ने बंद कर दी दुकानें

भरवारी। नगर पालिका परिषद भरवारी के नया बाजार निवासी अशोक कुमार गुलाटी उम्र लगभग 75 वर्ष पुत्र स्व मूलराज गुलाटी की लंबी बीमारी के चलते बनारस में बुधवार को निधन हो गया 'निधन की खबर सुनते ही भरवारी में शोक की लहर दौड़ गयी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर नाम आंखों से उनको विन्रम श्रद्धांजलि दी 'इस से पहले अशोक कुमार गुलाटी नगर पंचायत में सभासद थे ' तथा भरवारी के सबसे पुराने शिशु मंदिर स्कूल के प्रबन्ध समिति के सदसय थे साथ ही समाज सेवा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे यह राम लीला कमेटी में भी पदाधिकारी थे। इनकी समाज सेवा करने की कार्य शैली के लोग कायल थे 'अशोक गुलाटी अपने पीछे दो पुत्र एवम पुत्रबधु के अलवा पत्नी सहित अपने बड़े भाई विजय कुमार गुलाटी जो की भरवारी के प्रख्यात व्यापारी का परिवार छोड़ गए है 'मृतक की अंतिम शव यात्रा में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी गुलाम हुसैन व्यापारी नेता रमेश अग्रहरी राजेंद्र केशरी राकेश अरोड़ा हरीश अरोड़ा अजय गुलाटी पीतांबर लाल बच्चा केशरवानी प्रकाश केशरवानी अमित टी वी एस अशोक मेडिकल घनश्याम रस्तोगी आदि सैकड़ो लोग मौजूद थ।

ग्राम अलवारा में हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन

कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह के नेतृत्व में ग्राम अलवारा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम में चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान व चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं बडी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा सहभागिता की गयी। ग्राम चौपाल में सभी ग्रामवासियों से चकबन्दी की समस्याओं पर चर्चा की गयी। ग्राम अलवारा में प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रचलित है तथा ग्राम में चक निर्माण का कार्य हो रहा है। कृषकों को अपनी-अपनी चकों हेतु सहमति पर्याप्त संख्या में देने हेतु समझाया गया तथा जन समस्याओं को सुना गया। जिसके नियानुसार निस्तारण हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

अषाढ़ा चौराहे में भव्य तरीके से माता का जागरण भंडारा झांकी का हुआ प्रोग्राम

महेवाघाट कौशाम्बी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढ़ा चौराहे में भव्य तरीके से माता का जागरण मनाया गया दुर्गा पूजा कमेटी अषाढा की तरफ से मंगलवार को भव्य भंडारा एवं झांकी का प्रोग्राम रखा गया जिसमें से दूर-दूर से कलाकारों ने अपने विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुतियां दिखाएं जिसमें से शिव तांडव काली तांडव राधा कृष्ण सुदामा चरित्र आदि विभिन्न झांकियां का मनमोहन दृश्य दिखाया गया जिसमें से दूर दराज से चलकर आए माता के भक्तों में मां के विभिन्न रूपों का दर्शन एवं पूजन किया जिसमें से नवदुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक जगदीश मौर्य कमेटी के अध्यक्ष सोनू वर्मा उपाध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य उपाध्यक्ष राजकुमार केसरवानी कमेटी के महामंत्री अनिल कुमार केसरवानी एवं कमेटी के कोषाध्यक्ष शिवराम मौर्य एवं जिसमें कमेटी के अध्यक्ष ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला बढ़ाया कार्यकर्ता शिव शंकर मौर्य गणेश लोधी राजपूत पप्पू केसरवानी संजय मौर्य कमल राजपूत सोनू अग्रहरी गुड्डू वर्मा होरी लाल विष्णु अग्रहरि विकास केसरवानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

एक दिन के लिये बीएसए बनी राधिका

कौशाम्बी शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के मकसद से दिनांक 09.10.2024 बुद्धवार को कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालय मंझनपुर में कक्षा-07 में अध्ययनरत समदा मंझनपुर की रहने वाली छात्रा राधिका को एक दिन का बी0एस0ए0 बनने का मौका मिला तो उन्होने कार्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ को बुलाकर अपने कक्ष में बैठक कर सबका परिचय पूछा उसके बाद कार्यालय के समस्त कार्मिकों से बारी-बारी उनके कार्य एवं दायित्वों के सम्बन्ध में जानकारी ली। इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा राधिका पुत्री स्व0 राम लाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए एक दिन का बी0एस0ए0 बनाया।इस अवसर श्रीमती शिल्पी मौर्या, जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा कौशाम्बी द्वारा बी0एस0ए0 कार्यालय में उपस्थित होकर बी0एस0ए0 को भगवान बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया तथा पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता द्वारा छात्रा बी0एस0ए0 को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि आप इतनी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें, जिससे वास्तव में इस पद को ग्रहण कर सकें।

मां दुर्गा जगत जननी का टेढ़ी मोड में सजा पंडाल

जागरण में दुर्गा काली की प्रस्तुत की गई झांकियों ने सबका मोहा मन

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा प्रतिदिन भक्त कर रहे है। टेढ़ीमोड़ बाजार में सजे मां जगत जननी के दरबार में प्रतिदिन बाजार के श्रद्धालु सुबह शाम मां का विधि विधान से पूजन अर्चन करते है और व्रत का पारण करते हैं। मां के दरबार में मंगलवार की रात्रि जागरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें प्रयागराज से आई राहुल झांकी जागरण कमेटी के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन कर भक्ति का मन मोह कर सभी को आनंदित कर दिया। झांकियों में श्रीकृष्ण और राधा, मां काली का रौद्र रूप, भगवान शिव का तांडव स्वरूप व पार्वती का मनमोहन रूप श्रद्धालुओं को बहुत भाया। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य सचिन केसरवानी, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, सौरभ केसरवानी, दिनेश कुमार सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे(

सम्पादकीय

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चौंकाने वाले नतीजे

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर दोनों राज्यों में क्या भाजपा सत्ता हासिल कर पाएगी या कांग्रेस उसे मात दे देगी, ये सवाल लंबे वक्त से सत्ता के गलियारों में तैर रहा था। दोनों ही राज्यों में भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी, क्योंकि हरियाणा में पिछले 10 बरसों से भाजपा का शासन रहा और वहीं जम्मू-कश्मीर में पूरे दस साल बाद चुनाव करवाए गए। इस बीच 5 अगस्त 2019 को जब भाजपा ने अचानक यह ऐलान किया कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35 ए वापस लिया जा रहा है और इसके साथ ही उसे दो हिस्सों में बांटकर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो केंद्र शासित प्रदेशों में तब्दील किया जा रहा है, तब पूरा देश स्तब्ध रह गया था। इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ आजादी के बाद किए गए वादे को तोड़ने की तरह देखा गया। लेकिन भाजपा ने राष्ट्रवाद की आड़ में यह वादाखिलाफी की और दावा किया कि उसके इस फैसले में जनता की भी मर्जी है। हालांकि अब जो नतीजे सामने आए हैं, उनसे पता चलता है कि न जम्मू, न कश्मीर की जनता को भाजपा का फैसला मंजूर था।

आठ अक्टूबर, मंगलवार को आए नतीजों के विश्लेषण अब लंबे वक्त तक चलेंगे और जानकार तरह-तरह से इनके अर्थ तलाशने की कोशिश करेंगे। लेकिन नतीजों को देखकर यह कहा जा सकता है कि इस बार कांग्रेस भाजपा पर भारी पड़ गई। हालांकि दो राज्यों में एक में जीत और एक में हार का विश्लेषण तो यही होता है कि मुकाबला बराबरी पर छूटा है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन को जीत मिली तो भाजपा को हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आने का मौका मिला है। हरियाणा में भी शुरूआती रुझान कांग्रेस के पक्ष में ही थे और कांग्रेस अब भी यही मान रही है कि ईवीएम के जरिए कोई खेल हुआ है, जिस वजह से जीती हुई बाजी हाथ से निकल गई है। मतगणना होने के दौरान ही कल एक प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस ने यह आरोप लगाया है कि यह तंत्र की जीत है, यानी मशीनरी के कारण भाजपा जीती है। कांग्रेस का कहना है कि जिन ईवीएम में 99 प्रतिशत चार्जिंग थी, उनमें बीजेपी को जीत मिली, और जिनमें 70 प्रतिशत चार्जिंग थी यानी जो मशीनें सामान्य तरीके से चल रही थीं, उनमें कांग्रेस जीती। कांग्रेस ने हरियाणा में हुई इस संभावित गड़बड़ी की शिकायत बाकायदा चुनाव आयोग से भी की है। अब देखना होगा कि चुनाव आयोग आगे इस पर कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई करता है या सब कुछ ठीक है, का रटा रटाया जवाब देता है।

वैसे दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुछ दिन पहले कहा था कि सब इंतजाम हो गया है और भाजपा जीत रही है। इसी से गड़बड़ी के इशारे मिल रहे थे कि नायब सिंह सैनी को कौन से इंतजाम करने का जिम्मा दिया गया था, क्योंकि चुनाव करवाना तो चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। बहरहाल, अब जो नतीजे हैं, उन्हें स्वीकार करना ही होगा। भाजपा ने हरियाणा की सत्ता फिर से हासिल कर ली, तो कहीं न कहीं इसका श्रेय उसकी चुनावी और सांगठनिक क्षमता को भी दिया जाना चाहिए।

बेहतर दुनिया बनाने के लिये मन को स्वस्थ करना जरूरी

- ललित गर्ग-

मन की स्वस्थता शरीर की स्वस्थता से भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जीवन की पूर्णता, सार्थकता एवं सफलता मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। मन से स्वस्थ व्यक्ति ही दुनिया का सबसे धनी व्यक्ति हो सकता है। मन स्वस्थ रहे एवं आगे से आगे मानसिक स्वास्थ्य बढ़ता जाये, इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता बनाने के अपने मिशन में निहित है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए थीम ह्यकार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्यह्न की घोषणा की है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक तंदुरुस्ती की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह से सीखने और काम करने तथा अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है। सुरक्षित, मनोरम, हास्यवर्द्धक, भाररहित, सहायक कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सुरक्षात्मक भूमिका निभाते हैं। हालाँकि भेदभाव, उत्पीड़न, असुरक्षित और खराब कार्य स्थितियों जैसी अस्वस्थ स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकती हैं। ये चुनौतियाँ जीवन की समग्र गुणवत्ता, कार्य भागीदारी और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को ताजा करने और एक स्वस्थ और खुशहाल कार्य वातावरण बनाने की ज्यादा अपेक्षा है। शोध के अनुसार, 6 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है और हर साल 12 बिलियन कार्य दिवस अवसाद, तनाव और चिंता के कारण बर्बाद हो जाते हैं। देश में कार्यस्थलों में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की स्पष्ट आवश्यकता है, जिससे न केवल व्यक्ति को बल्कि संगठन को भी लाभ होगा। वास्तव में, जो कर्मचारी खुश रहते हैं वे 13 प्रतिशत अधिक उत्पादक होते हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता है। जैसे शरीर की सफाई दिन में कई बार आवश्यक है, वैसे ही मन की सफाई कई बार होनी चाहिए। मिल या अन्य औद्योगिक ईकाइयों में काम करने वालों का कपड़ा थोड़ा-थोड़ा करके शाम तक खराब हो जाता है, वैसे ही मन भी कार्यस्थलों पर तरह-तरह के संकटों, तनावों एवं परेशानियों से खराब होता है। इसके लिये लंबी, गहरी सांस से मानसिक स्वास्थ्य की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मन से लड़े नहीं, बल्कि उसे समझाएं। प्रमोदभाव-गुणात्मक दृष्टि का विकास करें। मन को वॉचमैन बनाकर रखिये। क्योंकि जीने का वास्तविक अर्थ है हर पल स्वयं के द्वारा स्वयं का निरीक्षण। देखना है कि मन कब राग-द्वेष, तनाव, अवसाद, विकास एवं कुंठाग्रस्त हो रहा है।



कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है। इसके अलावा, शोध से पता चलता है कि ब्रिटेन के पाँच में से एक कर्मचारी ने कार्यस्थल पर तनाव और दबाव को प्रबंधित करने में असमर्थता महसूस की। लगभग ऐसी ही स्थितियां भारत में भी देखने को मिल रही है। भारी कार्यभार, तंग समय सीमा और सहायता की कमी जैसे तनाव कर्मचारियों में चिंता, तनाव, अवसाद और बर्नआउट का कारण बन सकते हैं। कई कर्मचारी कमजोर समझे जाने, संभावित रूप से अपनी नौकरी खोने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी परेशानियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने से डरते हैं। नियोक्ता अपने कर्मचारियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की आम बात को तेजी से पहचान रहे हैं और कर्मचारियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य को समझने और प्रबंधित करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज के आँकड़ों के अनुसार, ज्ञान की कमी, मानसिक बीमारी के कलंक और देखभाल की उच्च लागत जैसे कई कारणों की वजह से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों की देखभाल सेवाओं तक पहुँच नहीं है। वर्ष 2012-2030 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण 1.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रायः कलंकित किया जाता है और गलत समझा जाता है। कई व्यक्ति एवं परिवार सामाजिक भेदभाव के डर और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण मदद लेने से झिझकते हैं। स्त्रियों एवं पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य में असमानताओं में उनके लैंगिक भिन्नताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में महिलाओं को अवसाद, चिंता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा उनके पास मदद मांगने हेतु स्वायत्तता अक्सर सीमित होती है। गरीबी और आर्थिक असमानता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वृद्धि में योगदान देती है। वित्तीय अस्थिरता के चलते तनाव और शैक्षिक अवसरों की सीमितता भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकती है।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। उदाहरण के लिए, अवसाद कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी दीर्घकालिक स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसी तरह, पुरानी स्थितियों की उपस्थिति मानसिक बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकती है। प्रतिकूल बचपन के अनुभव, जैसे आघात या दुर्व्यवहार का इतिहास उदाहरण के लिए, बाल दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, हिंसा देखना, आदि। अन्य चल रही दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से संबंधित अनुभव, जैसे कि दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, कैंसर, या मधुमेह। मस्तिष्क में जैविक कारक या रासायनिक असंतुलन, शराब या नशीली दवाओं का उपयोग, अकेलेपन या अलगाव की भावना होना आदि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मन को बीमार करने के ये कुछ कारण है। मन हमारे व्यक्तित्व का दर्पण है। मन अच्छा है तो मानव अच्छा है। मन बुरा है तो मानव बुरा है। हम दुनिया से भाग सकते हैं, उसे वश में कर सकते हैं, परन्तु मन से भागना और उसे वश में करना कठिन है। मन की सरलता सुख है और उसकी कुटिलता दुख है। मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्ति मन को धैर्य के साथ, आत्मीयता के साथ समझे, उसे शांत करें। मन को सीरियस रोगी न बनायें। बाहरी प्रदूषण को मिटाने का प्रयास प्रशासन कर सकता है, किन्तु मन के प्रदूषण को मन का शासन, खुद पर खुद का शासन ही मिटा सकता है।

युद्ध विराम के लिए इजरायल और अमेरिका पर भारी दबाव डाला जाना चाहिए

- नित्य चक्रवर्ती

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं। वह ईरानी राष्ट्रपति के संपर्क में हैं। रूस ने ईरान और हमास के उग्रवादियों को गुप्त रूप से कुछ सहायता दी है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के दबाव को देखते हुए पुतिन राजनयिक संबंधों को छोड़कर पश्चिम एशियाई युद्ध में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं चाहते हैं। हालांकि, चीन अब अरब देशों के साथ बातचीत करने में सक्रिय है।

7 अक्टूबर, 2024 को इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध का एक साल पूरा हो गया। यह युद्ध उग्रवादी फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा इजरायल के नागरिकों पर क्रूर हमले और उसके जवाब में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा अधिक गंभीर प्रतिशोध और गाजा क्षेत्र के पूर्ण कब्जे के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद के महीनों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सेनाओं द्वारा फिलिस्तीन में बड़ी संख्या में जनसंहार किया गया। इसमें अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों द्वारा उच्च तकनीक वाले हथियारों और उपकरणों की सक्रिय सहायता भी शामिल थी।

युद्ध के दूसरे वर्ष की शुरूआत के साथ ही परिदृश्य गंभीर हो गया है। फिलिस्तीन और कब्जे वाले गाजा में अपना काम पूरा करने के बाद, इजरायली सेना ने युद्ध क्षेत्र का विस्तार लेबनान, सीरिया और ईरान तक कर दिया है, जिससे फिलिस्तीनियों के साथ शुरूआती युद्ध पश्चिम एशियाई क्षेत्र में एक बहुत बड़े युद्ध में बदल गया है, जिसे अगर अभी नहीं रोका गया, तो यह एक बहुत बड़े युद्ध में बदल सकता है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।

पिछले साल 7 अक्टूबर को, कुछ रक्षा कर्मियों सहित 1100 से अधिक इजरायली नागरिक मारे गये थे। तब से हमास के हाथों कई और इजरायली नागरिक और कुछ सैनिक मारे गये हैं, लेकिन इजरायल के जवाबी हमलों में 48,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत नागरिक हैं, खासकर महिलाएं और बच्चे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा और अन्य निकायों ने नरसंहार और विनाश को रोकने के लिए इजरायल से तत्काल युद्ध विराम पर सहमत होने के लिए कई प्रस्तावों को अपनाया, लेकिन आईडीएफ ने इसकी परवाह नहीं की क्योंकि उन्हें अमेरिकी सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है, जो शांति वार्ता की बात करने के बावजूद,

लेबनान के खिलाफ इजरायली हमलों और शीर्ष हिजबुल्लाह नेता की हत्या का बचाव करते हुए इजरायल के पक्ष में रुख अपना रही है।

संयुक्त राष्ट्र में, अमेरिका लगातार युद्धविराम प्रस्तावों का विरोध कर रहा है, जबकि अन्य सदस्यों द्वारा उसे प्रस्ताव को भारी समर्थन दिया जा रहा है। हमेशा की तरह, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी इजरायल को नियंत्रित करने में असमर्थ हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने तो यहां तक धमकी दे दी है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को उनके देश में आने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इजरायल ने अंतरराष्ट्रीय अपराध परिषद (आईसीसी)के आदेश की अवहेलना की है, जिसमें इजरायल से यथाशीघ्र शत्रुता समाप्त करने को कहा गया था। इसका पालन करने के बजाय, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी सेना लेबनान और यदि आवश्यक हुआ तो अन्य देशों, अर्थात ईरान और सीरिया पर भी हमला करेगी। इजरायल के खिलाफ ईरान के जवाबी हमलों के बाद, ईरान पर योजनाबद्ध हमलों पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रमुख तेल अवीव में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को परमाणु सुविधाओं को छोड़कर ईरान में हमला करने के लिए हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ आईडीएफ कमांडर ने कहा है कि यदि हिजबुल्लाह आतंकवादी बेरूत से काम करते हैं, तो आईडीएफ लेबनान को पश्चिम एशिया के मानचित्र से मिटा देगा।

तो फिर आगे क्या होगा? उम्मीद है कि राष्ट्रपति चुनाव वर्ष में अमेरिका इजरायल का समर्थन करना जारी रखेगा। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के पक्ष में मुस्लिम देशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

उन्होंने नेतन्याहू से ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने को कहा है। ट्रंप चुनाव के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी के मजबूत यहूदी आधार को अपने पक्ष में करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को चुनाव प्रचार सभाओं में यह कहना पड़ता है कि वह इजरायल का समर्थन करती हैं, हालांकि वह इस शर्त के साथ बोलती हैं कि युद्धविराम के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री नेतन्याहू डेमोक्रेटिक पार्टी की इस चुनावी मजबूरी को जानते हैं। इसके अलावा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनीब्लिंकन भी यहूदी हैं और वह हमास और हिजबुल्लाह के प्रति अपनी नफरत को कभी नहीं छिपाते।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं। वह ईरानी राष्ट्रपति के संपर्क में हैं। रूस ने ईरान और हमास के उग्रवादियों को गुप्त रूप से कुछ सहायता दी है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के दबाव को देखते हुए पुतिन राजनयिक संबंधों को छोड़कर पश्चिम एशियाई युद्ध में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं चाहते हैं।

हालांकि, चीन अब अरब देशों के साथ बातचीत करने में सक्रिय है। चीन पश्चिम एशिया में अपनी भूमिका का विस्तार करने में रुचि रखता है, लेकिन संयम के साथ। चीन 5 नवंबर के बाद वाशिंगटन में नयी सरकार की स्थापना और नये अमेरिकी प्रशासन के तहत उसके रिश्ते कैसे बनते हैं, इस पर विचार कर रहा है।

पश्चिमी शक्तियों के संदर्भ में, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इजरायल को हथियारों की आपूर्ति के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध का सामना करते हुए पिछले महीने तेल अवीव को कुछ महत्वपूर्ण शिपमेंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया, लेकिन यह बहुत सीमित है। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने शिपमेंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है और इस पर नेतन्याहू ने तत्काल विरोध जताया। जर्मनी आपूर्ति जारी रख रहा है, लेकिन उसने इसे कम कर दिया है।

लेकिन इजरायल के पास अपने स्वयं के पर्याप्त उच्च तकनीक वाले हथियार हैं और केवल अमेरिकी आपूर्ति ही उसकी आवश्यकताओं का ख्याल रख सकती है। वह अमेरिकी आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहता है जो बहुत बड़ी है।

भारत के संदर्भ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी, टैगोर और बुद्ध के इस राष्ट्र की छवि को धूमिल कर दिया है इजरायल का हमेशा समर्थन करते हैं। कई मौकों पर भारत ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव से खुद को अलग रखा। जबकि वैश्विक दक्षिण के सभी सदस्य, खास तौर पर ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका इजरायल पर फिलिस्तीन और लेबनान में नरसंहार का आरोप लगाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं, मोदी हमेशा अपने मित्र नेतन्याहू की आलोचना करने में डरते रहे हैं। लेबनान पर इजरायल द्वारा किये गये क्रूर हमलों के बाद भी प्रधानमंत्री ने नेतन्याहू से फोन पर बात की और इजरायल का जिक्र किये बिना कहा कि 'आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हैइ। यह भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा इजरायल की बर्बरता का तुष्टिकरण करने के अलावा और कुछ नहीं है।

पिछले सप्ताह के अंत में लंदन, पेरिस, बर्लिन, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन सहित विभिन्न पश्चिमी राजधानियों में हजारों लोगों ने इजरायल को अमेरिकी समर्थन की निंदा की और विनाश को रोकने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग करते हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किये। आने वाले दिनों में इस विरोध आंदोलन को और अधिक बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाना होगा। बाइडेन सरकार पर दबाव बढ़ाना चाहिए ताकि वह नेतन्याहू को युद्धविराम के लिए राजी करे। अब यही एकमात्र विकल्प है।

संकट में है, विश्व-शांति

- रमाकांत नाथ

दुनिया में दलीय व्यवस्थाएं, चाहे वे बहुदलीय हों, द्विदलीय हों या एकदलीय हों, सभी भ्रष्टाचार, व्यभिचार, झूठ और अंततः मनमानी को बढ़ावा देती हैं। दलीय व्यवस्था व्यक्तिगत शासन में बदल गई है। एक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार कुछ चापलूसों, चाटुकारों को लेकर शासन का जाल फैलाता है और आम लोग उस जाल में फंसते जाते हैं। यह व्यवस्था आज भी पूरी दुनिया में लागू है।

दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हो चुका है। यह युद्ध क्या रूप लेगा, इसका अनुमान लगाना कठिन है। एक तरफ रूस और चीन जैसे देश हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश। दुनिया के राष्ट्र दो गुटों में बंटे हुए हैं और अपने-अपने हितों की ओर बढ़ रहे हैं। उनकी महत्वाकांक्षा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से दुनिया को परेशान कर रही है। दुनिया में आम लोगों के दमन ने शोषण को बढ़ा दिया है। अन्याय ने अत्याचार को जन्म दिया है। अशांति, भय, आतंक और आशंका के माहौल के कारण विश्व-शांति दूर की कौड़ी लगती है।

दुनिया में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए बने 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएनओ) ने ऐसा कुछ नहीं किया है और दुनिया की प्रमुख शक्तियों ने उससे ऐसा कुछ नहीं करवाया है। दुनिया में अशांति का कारण क्या है, हम बार-बार युद्ध क्यों झेल रहे हैं, राष्ट्रों के बीच संघर्ष क्यों हैं? निकी वॉकर की किताब 'हम क्यों लड़ते हैं? संघर्ष, युद्ध और शांति' तथा स्टीव किलेलिया की पुस्तक 'अराजकता के युग में शांति' ने हमें वर्तमान समस्याओं को हल करने के तरीके खोजने तथा विश्व में सतत विकास प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कई बातें उजागर की हैं।

जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया था, तब यह माना गया था कि यह हफ्तेभर में समाप्त हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रूसी आक्रमण से यूक्रेन की रक्षा के लिए अमेरिकी सहायता ने अप्रत्यक्ष रूप से हथियारों के बाजार को लाभ पहुंचाया है तथा पूरे यूरोप में युद्ध, पलायन, विस्थापन और शरणार्थी मुद्दों के माहौल ने बहुत उथल-पुथल मचा दी है। यह युद्ध अब रूस के साथ चीन और 'उत्तर

अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के देशों के बीच युद्ध में बदल गया है, जो बहुत ही भयानक रूप लेने वाला है।

दुनिया के अमीर और परमाणु शक्ति-संपन्न देशों के पास 10,000 से अधिक परमाणु हथियार हैं। उनमें से कुछ के ही उपयोग से मानव जीवन और मानव सभ्यता पूरी तरह से गायब हो जाएगी। यह जानते हुए भी तानाशाह लड़ते रहते हैं और परमाणु हथियारों के उपयोग की धमकी देते रहते हैं। मध्य-पूर्व में ईरान, तुर्की, जॉर्डन और लेबनान जैसे इस्लामी देश गाजा पट्टी और पश्चिमी तट पर इजरायल के हमले के कारण इजरायल के खिलाफ हैं। हमास-हूती-हिजबुल्लाह जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई और अमेरिका द्वारा उसके समर्थन ने अप्रत्यक्ष रूप से मध्य-पूर्व में विनाश को जन्म दिया है।

जब एक आतंकवादी संगठन तालिबान अफगानिस्तान जैसे देश को नियंत्रित कर शासन चला रहा है, तो यह असंभव नहीं है कि दुनिया के सभी आतंकवादी संगठन एकजुट होकर इस दुनिया से लोकतंत्र की मौत का कारण बनें। तानाशाहों, हिंसक आतंकवादियों के कारण आज दुनिया में शांति से रहना असंभव हो गया है।एकतरफावाद और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। तानाशाहों और आतंकवादियों के पास कोई सिद्धांत या आदर्श नहीं होता। वे किसी धर्म को भी नहीं मानते। इसके बजाय, वे अपनी राय दूसरों पर थोपते हैं। तानाशाहों और आतंकवादियों की ताकतों के पीछे कॉर्पोरेट हैं। वास्तव में कॉर्पोरेट ताकत ही दुनिया पर राज कर रही है और यही आज की अशांति का मुख्य कारण है।

कॉरपोरेट सत्ता आतंकवादी संगठनों के लिए हथियार बना रही है, कॉरपोरेट सत्ता ने तानाशाहों को विश्व व्यापार के लिए लालची बना दिया है, डॉलर से बांध दिया है और दुनिया की प्रमुख संस्थाओं ने 'अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष,' 'विश्व व्यापार संगठन,' 'विश्व बैंक' आदि के माध्यम से कर्ज देकर तीसरी दुनिया को पूरी तरह से बांध लिया है। कॉरपोरेट सत्ता ने दुनिया के संसाधनों को हड़प लिया है और पूरी दुनिया में आतंक, अशांति, संघर्ष पैदा किया है जिसकी परिणति युद्ध में होती है। इस संबंध में डेविड कॉर्टन की एक बहुचर्चित पुस्तक है, 'व्हेन कॉरपोरेशन्स रूल द वर्ल्ड।' कॉरपोरेट शासन किस तरह वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और विश्व शांति को नुकसान पहुंचा रहा है, यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मध्य-पूर्व में कई वर्षों से चल रहे और हाल के युद्ध के पीछे अमेरिका अप्रत्यक्ष रूप से इजरायल का समर्थन कर रहा है। मौजूदा सरकार की इस्लाम विरोधी नीतियों के प्रचार और इस्लाम विरोधी कदमों के कारण भारत अब सभी इस्लामी देशों के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। इसी तरह, दक्षिण-एशिया में चीन के प्रभाव के कारण भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध खो चुका है और संघर्ष में पड़ गया है। यह असंभव नहीं है कि ये सभी संघर्ष आगे चलकर युद्ध में बदल जाएं, जिससे दक्षिण-एशिया में एक और युद्ध हो। यह असंभव नहीं है कि ताइवान पर चीन का लालच, तिब्बत पर चीन का अधिकार और कोरियाई प्रायद्वीप पर दो कोरिया के बीच युद्ध, उत्तर-कोरिया को दक्षिण-कोरिया पर हमला करने के लिए मजबूर कर देगा।

जिन बच्चों के आधारकार्ड नहीं बने, उन्हें बनवायें: डीएम

ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर्स के कार्यों की हुई समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की बैठक में विद्यालयों के ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर्स के कार्यों में रनिंग वाटर, दिव्यांग व बालक-बालिका शौचालय, विद्युतीकरण, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, टाइल्स, स्वीकृत निर्माण कार्य, विद्यालयों का निरीक्षण, सुपरविजन, प्रशिक्षण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कायाकल्प का कार्य, आईवीआरएस प्रणाली, पीएम पोषण, निपुण भारत अभियान आदि की समीक्षा की।

बुधवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बीएसए बीके शर्मा को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में बच्चों की हाजिरी पचास से कम है। शिक्षकों को निर्देश दें कि छात्र संख्या बढ़ायें। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालय के लिए एप्रोच रोड नहीं है, उनमे मनरेगा से तत्काल मार्ग निर्माण करायें। जिन विद्यालयों में दिव्यांग छात्र संख्या अधिक है, सूची दें। विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय बनवाया जा सके। डीपीआरओ से कहा कि जिन गांवों के प्रधान जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण का कार्य नहीं कर रहे, उन प्रधानों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिन विद्यालयों के भवन का निर्माण कराया गया है, टीम गठित कर गुणवत्ता की जांच करायें। कहा कि जिन बच्चों के आधारकार्ड नहीं बने हैं या कोई त्रुटि है, उन्हें सुधरवायें। जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी से कहा कि विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों की सूची उपलब्ध करायें, ताकि उनको उपकरण की व्यवस्था कराई जा सके। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि शहर के जो विद्यालय हैं, उसका रोस्टर बनाकर विद्यालयों की साफ सफाई करायें। रोस्टर की सूची बीएसए को दें। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत अवशेष विद्यालयों में जो कार्य कराना है, उसका प्रस्ताव बनाकर पेश करें, ताकि उन विद्यालय पर अन्य मदों से कार्य हो सके। कहा कि विद्यालयों के निरीक्षण दौरान जो शिक्षक गैरहाजिर मिले, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। बैठक में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारिया, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते डीएम।

मिशन शक्ति अभियान के तहत हुई कार्यशाला, सुरक्षा की दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि सप्तमी पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के तहत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र की देखरेख में राजकीय इंटर कालेज कर्वी में बालिकाओं के साथ शिक्षा, स्वावलंबन, घरेलू हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम में शपथ लेकर बालिकाओं को वुमेन एंड चिल्ड्रेन फर्स्ट के तहत कार्यशाला हुई।

बुधवार को मिशन शक्ति फेज-5 कार्यकम में मुख्यमंत्री का उद्देश्य प्रदेश से बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं के प्रति सम्मान बढाना है। बालिकाओं को साहसी, निडर, स्वावलम्बी व देशहित में नये मुकाम हासिल कराना उद्देश्य है। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य विनीता वर्मा ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने को कहा। प्रभारी वन स्टाप सेन्टर ने समस्या ग्रस्त महिलाओं, बालिकाओं को वन स्टाप सेन्टर में आश्रय लेने को जागरूक किया। नीलम गुप्ता ने बालिकाओं को घरेलू हिसा से सजग रहने व निवारण पर जानकारी दी। बालक, किशोर, महिला, पुरुष को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यशाला में अध्यापिका शशिकला, अध्यापिका नीलम, अर्चना साहू, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें।

पुलिस ने पैदल गस्त कर दुर्गा पंडाल जांचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह निर्देश पर पर नवरात्रि पर्व के मद्देनजर शान्ति-सुरक्षा कायम रखने को थाना/चैकी प्रभारियों ने मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर दुर्गा प्रतिमाओं के पंडालों का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गस्त दौरान पुलिस टीम ने शराब की दुकान व दो/चार पहिया वाहनों की जांच की।

नवरात्रि पर्व पर मऊ में पुलिस ने की पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। नवरात्रि पर्व सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ मऊ जय करन सिंह ने प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ शान्ति-सुरक्षा बनाने को कस्बे के मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया।बुधवार को पुलिस टीम ने दुकानदारों, व्यापारियों, व क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिया। कस्बा मऊ में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पंडालों को देखा। संदिग्ध वाहनों व लोगों से पूंछताछ की गयी।

पैदल गस्त करती पुलिस।

पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

चित्रकूट। सदर ब्लाक के कसहाई गौशाला जाने को संपर्क मार्ग में पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। ये निर्माण क्षेत्र पंचायत करा रहा है। इसमें गुणवत्ताविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है।पुलिया निर्माण में ठेकेदार की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। ठेकेदार ने दो-तीन दिनों में पुलिया का निर्माण करा दिया है। पुलिया निर्माण में क्वालिटी की ईंट व क्रेशर डस्ट का प्रयोग हुआ है। मानकविहीन कार्य कराकर ठेकेदार सरकारी धन को बंदरबाट करने में जुटा है। अब देखना है कि जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर पुलिया निर्माण के कार्यों की जांच कराकर कब कार्यवाही करेगा।

मां आनन्दी धाम में श्रद्धालुओं ने चखा भंडारे का प्रसाद

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि में देवी मंदिरों व पूजा पंडालों में देवी भक्त पूजा पाठ कर रहे हैं। आस्थावान श्रद्धालु मंदिरों में कन्याभोज समेत धार्मिक अनुष्ठान करा रहे हैं। शारदीय नवरात्रि शुरू होते ही मऊ क्षेत्र में पंडालों व देवी मंदिरों में सवेरे से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। पूजापाठ का सिलसिला देर रात तक चलता है।

बुधवार को मऊ तहसील के अनेक प्राचीन मंदिरों व पंडालों में भक्ति का माहौल बना है। क्षेत्र के लोग मां आनंदी धाम में प्रतिदिन सवेरे-शाम पूजन करते हैं। ब्लू डेजर्ट के तत्वावधान में क्षेत्र के कर्मठ युवाओं ने मां आनंदी धाम में सवेरे से भंडारे का आयोजन किया। सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। युवाओं के धार्मिक आयोजन को लोगों ने बधाई दी। भंडारे में प्रमुख रूप से युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव द्विवेदी, विकास द्विवेदी, विपुल पांडे, अर्चित शुक्ला, हर्षित त्रिपाठी, शशांक मिश्रा, विजय शुक्ला, अंकुश केसरवानी, श्रेयांश बाजपेई, प्रकाश शुक्ला, ज्ञानचंद्र यादव, अजय पाखरे, प्रकाश निषाद, हेलमेट द्विवेदी आदि मौजूद रहे। मऊ तहसील में दो सौ स्थानों पर देवी पंडालों में मूर्ति स्थापित है। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि मऊ थाना में लगभग साठ स्थानों पर देवी प्रतमियें स्थापित की गई हैं। त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। मां आनंदी धाम में सुरक्षा को महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी हो रही है।

भंडारा में प्रसाद देते युवक।

दो आरोपियों को पांच वर्ष की सजा, पांच-पांच हजार का जुर्माना भी हुआ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रशांत कुमार तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम की पैरवी एवं सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने जान से मारने की नियत से हमला कर गंभीर रुप से घायल करने के आरोपी हीरालाल पुत्र बुद्धू वुरशवाहा व रामनाथ पुत्र चिरौजीलाल शिवरामपुर को पांच वर्ष कारावास व पांच-पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 30 नवम्बर 2014 को वादी जीवनलाल पुत्र बोडा निषाद शिवरामपुर ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि हीरालाल व रामनाथ ने पुत्र शंकर को प्लाट का काम करवाते समय जान से मारने की नियत से कुल्हाडी मारकर घायल कर दिया। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की विवेचना तत्कालीन दरोगा सुजान सिंह तोमर ने की। आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में 19 फरवरी 2015 को आरोप पत्र दाखिल किया।

शासन की गाइडलाइन अनुसार सडकों का करायें निर्माण: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में लोनिवि के विकास/निर्माण कार्य के नये प्रस्ताव को वरीयता आधार पर शामिल करने बाबत बैठक हुई।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि संतोष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले की सड़कों का प्रस्ताव बना कर निर्माण कराना है। वरीयता से सड़कों का नवीनीकरण कराया जाएगा। कहा कि कर्वी मुख्यालय शहर के बायपास मार्ग का टेंडर हो गया है। जल्द ही कार्य शुरू होगा। धर्मार्थ मार्ग योजना के तहत सड़कों के निर्माण को प्रस्ताव बनाया गया है। विभागीय जमीन न होने पर भूमि क्रय को मुआवजा बाबत शासन को पत्र भेजा जाएगा। ओडीआर-एफडीआर आदि योजनाओं पर भी प्रस्ताव तैयार किया गया है।मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि जिन सड़कों पर गड्ढे है, उनको तत्काल गड्ढा मुक्त कराया जाये। सरैया-बोड़ीपोखरी मार्ग खराब है, उसे ठीक करायें। ऊंचाडीह की जो रोड गई है, उसे बढ़ाकर डभौरा मप्र तक जोड़ा जाये। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिये कि अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय मार्गों के चैड़ीकरण, ओडीआर, एफडीआर, पं दीनदयाल उपाध्याय, नाबार्ड योजना में शासन से जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रस्ताव बनाकर सड़कों के निर्माण करायें। बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि संतोष कुमार, रविप्रकाश त्रिपाठी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते डीएम।

डिजिटल रामायण दर्शन बना आकर्षण का केंद्र, पहुंच रहे पर्यटक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तपोस्थली पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। यहां प्रभु श्रीराम ने साढ़े 11 वर्ष वनवास बिताया था। ये स्थान धार्मिक रूप से प्रासंगिक है। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित रामायण दर्शन के डिजिटल शो को देखना न भूलें।बुधवार को पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि रामायण दर्शन में होने वाला डिजिटल शो न केवल धार्मिक स्थलों की जानकारी देता है, बल्कि प्रभु श्रीराम व उनके जीवन की लीलाओं को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। शो में डिजिटल रामायण की कहानियां व चित्रकूट के पौराणिक स्थलों की झलक देखने को मिलती है। पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि ये शो प्रतिदिन सवेरे सात से 11 बजे तक व शाम चार से सात बजे तक संचालित होता है। शो का अनुभव लेने को बड़ों का टिकट बीस व पांच से 12 साल के बच्चों का टिकट दस रुपये है। एक साथ पचास लोग शो का आनंद ले सकते हैं। शो 25 मिनट का होता है। अपील किया कि श्रद्धालु चित्रकूट आयें तो इस शो का आनंद जरूर लें।

हाईटेंशन तार गिरने से दो युवकों की मौत, विधायक ने दिया धरना

धरने में बैठे विधायक व मृतक के परिजन।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के द्वारिकापुरी मोहल्ले में 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन लाइन का एक पुराना जर्जर तार टूटकर गिर गया। इससे दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनीष प्रजापति व धर्मराज के रूप में हुई। मनीष अपने घर के बाहर दरवाजे पर बैठा था, जबकि धर्मराज पास में चाट का ठेला लगाये था। ये हादसा मंगलवार देर शाम द्वारिकापुरी मोहल्ले में हुई। बताया गया कि हाईटेंशन तार टूटने के बाद करंट फैल गया। इससे मनीष की मौके पर मौत हो गई। धर्मराज को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतकों के परिवारों में हड़कंप मचा है। परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इलाके में लगे तार वर्षों से खराब हैं। इन्हें बदलने को कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये। इससे ये हादसा हुआ है। बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर धरना दिया। उन्होंने घटना को विद्युत विभाग की लापरवाही बताया। कहा कि जिले में कई जगहों पर ऐसे ही पुराने व जर्जर तार लगे हैं। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। डीएम ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने को विद्युत विभाग को पत्र लिखा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजा है।

नाबालिग लडकी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि चार जून 2024 को एक व्यक्ति ने थाने में दी सूचना में बताया कि 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को राहुल पुत्र देवगुलाम बरछन पहाड़ी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मऊ ने मामले की विवेचना दरोगा गंगाचरण प्रजापति को सौंपी। दरोगा की टीम ने सात अक्टूबर 2024 को पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता का मेडिकल कराकर न्यायालय के समक्ष बयान कराये। मेडिकल व न्यायालय में दिये बयानों के आधार पर मामले में धारायें बढ़ाई गई। वहीं बुधवार को दरोगा गंगाचरण प्रजापति की टीम ने आरोपी राहुल पुत्र देवगुलाम को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा गंगाचरण प्रजापति, दरोगा शाहनवाज खां व सिपाही अभिषेक कुमार शामिल रहे।

पुलिस ने दो स्थानों से दस जुआरी दबोचे, 4770 रुपये बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल की अगुवाई में पुलिस ने दो स्थानों से दस जुआरियों को रंगेहाथ जुआ खेलते दबोचा है।

बुधवार को दरोगा गौरव तिवारी, दरोगा नीरज कुमार, सिपाही नीतू द्विवेदी ने विनोद कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र, अवधेश उर्फ पप्पू पुत्र बाबूलाल, विमलेश पुत्र रामशंकर, धर्मराज पुत्र अर्जुन, फूलकुमार पुत्र अर्जुन, अर्जुन पुत्र जगमोहन, फुलचन्द्र पुत्र अर्जुन कसहाई रोड गोल तालाब को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 2785 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी से 205 रुपये बरामद हुए। इसी क्रम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश कुमार यादव ने सिपाही राहुल वर्मा, आशीष कुमार, अरविन्द कुमार ने वीर सिंह पटेल पुत्र डालचन्द्र, नन्दकिशोर पुत्र बाबूलाल, सुरेश पुत्र रामकिशोर यादव खोही को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से मालफड़ से एक हजार रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी से 780 रुपये बरामद हुए। जुआरियों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

ऋण योजनाओं के लंबित आवेदनों का करें निस्तारण: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं के लंबित ऋण आवेदन पत्रों के निस्तारण बाबत हुई बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा ने बैंक अधिकारियों से कहा कि विभिन्न विभागों की जो जनकल्याणकारी योजनायें है, उन योजनाओं के आवेदन पत्र जो बैंकों पर लंबित है, उनका निस्तारण तत्काल करायें।

बुधवार को उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से 15 जनवरी 2025 तक बैंकों से शिविर लगाकर बैंकों की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उसका माइक्रो प्लान तैयार कराया जा रहा है। डीएम ने सभी बैंकर्स अधिकारियों से कहा कि शासन से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को देना है। योजनाओं के जो आवेदन पत्र बैंकों में ऋण को लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण करायें। विभिन्न विभागों की ऐसी योजनायें हैं, जिनकी रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड में होती है। उन पर अधिक फोकस कर निस्तारित करें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि ओडीओपी एमएसएमई, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की सीएम डैशबोर्ड में ग्रेडिंग होती है। उन आवेदन पत्रों को संबंधित बैंकों से निस्तारित करायें। संबंधित शाखा प्रबंधक के साथ आवेदनकर्ता के यहां संयुक्त निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

इजरायल आप एक क्रांतिकारी को मार सकते हैं, क्रांति को नहीं...

बेरूत/नयी दिल्ली: हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारियों को मार गिराए जाने का इजरायल ने ऐलान किया है। इसके बाद भारत में लेबनान के राजदूत रबी नर्श ने महात्मा गांधी के कथनों का हवाला देते हुए बड़ा संदेश दिया है। नर्श ने कहा कि हिजबुल्ला लोगों द्वारा समर्थित एक वैध राजनीतिक दल है और इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। लेबनान के राजदूत ने एक साक्षात्कार में कहा, ह्यमुझे महात्मा गांधी के कथन याद आ रहे हैं। उन्होंने कहा था : आप एक क्रांतिकारी को मार सकते हैं, लेकिन आप क्रांति को नहीं मार सकते। आप हिजबुल्लाह के नेताओं को खत्म कर सकते हैं, लेकिन आप हिजबुल्लाह को खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि ये छिपकर नहीं रहते हैं। यह कोई काल्पनिक संरचना नहीं है जो पैराशूट से लेबनान में आई है।ह्न

नर्श ने कहा कि हिजबुल्लाह ह्यदुष्ट राष्ट्रह्न इजरायल के खिलाफ एक आंदोलन का प्रतीक है और इस आंदोलन को उसके नेताओं को खत्म करके कुचला नहीं जा सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को एक वीडियो पोस्ट में कहा था कि उनके देश की सेनाओं ने हाल में मारे गए हिजबुल्ला नेता सैयद हसन नसरल्ला के संभावित उत्तराधिकारियों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाया और उनका खात्मा कर दिया। हिजबुल्ला औपचारिक रूप से ह्यलेबनान पर इजराइली आक्रमणह्न का विरोध करने के लिए 1985 में अस्तित्व में आया। लेबनान के राजदूत ने कहा, ह्यहिजबुल्लाह लेबनान में स्थापित राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत काम करता है। यह एक राजनीतिक दल है, जिसका प्रतिनिधित्व मंत्रिमंडल और संसद दोनों में है। उन्होंने बताया कि हिजबुल्ला की एक सशस्त्र शाखा भी है। लेबनान के राजदूत ने कहा कि इजराइल द्वारा छेड़े गए युद्ध में उन्नत हथियार और प्रतिबंधित युद्ध सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और इस युद्ध के कारण 2,100 से अधिक लोग मारे गए हैं,

11,000 घायल हुए हैं और 22 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जिससे लेबनान में गंभीर मानवीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। राजदूत ने कहा, ह्यस्थिति और बिगड़ती जा रही है और यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की ओर बढ़ रही है। दुर्भाग्य से, हम संघर्ष के इस संकटपूर्ण चरण का सामना कर रहे हैं, क्योंकि इजरायल को उसकी आपराधिक नीतियों, युद्ध अपराधों और अपने पड़ोसियों के खिलाफ विस्तारवादी कार्रवाइयों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया गया है।

चीन ने वृद्धिशील नीतियों का एक पैकेज शुरू करने के प्रयास बढ़ाए

बीजिंग। चीनी राज्य परिषद के प्रेस कार्यालय ने एक न्यूज ब्रीफिंग आयोजित की। चीनी राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के निदेशक चेंग शांगच्ये ने कहा कि वर्तमान आर्थिक संचालन में नई स्थितियों और समस्याओं के प्रति, चीन ने अर्थव्यवस्था की निरंतर वसूली को बढ़ावा देने के लिए वृद्धिशील नीतियों का एक पैकेज शुरू करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं।

ये नीतियां "तीन पक्षों पर ध्यान देने" और "चार क्षेत्रों में दृढ़ता से कायम रहने" की प्रतीक हैं। "तीन पक्षों पर ध्यान देने" का मतलब है: आर्थिक विकास की गुणवत्ता में सुधार पर अधिक ध्यान दिया जाए; वास्तविक अर्थव्यवस्था और व्यावसायिक संस्थाओं के स्वस्थ विकास का समर्थन करने पर अधिक ध्यान दिया जाए; उच्च गुणवत्ता वाले विकास और उच्च स्तरीय सुरक्षा के समन्वय पर अधिक ध्यान दिया जाए।

"चार क्षेत्रों में दृढ़ता से कायम रहने" का मतलब है: सबसे पहले, लक्ष्य अभिविन्यास का पालन किया जाए। दूसरा है समस्या उन्मुखीकरण का पालन किया जाए। तीसरा है व्यवस्थित नीति कार्यान्वयन का पालन किया जाए।

चौथा है दीर्घकालिक और अल्पकालिक के संयोजन का पालन किया जाए।

चीन को इस वर्ष और अगले वर्ष की नीतियों के बीच संबंधों का समन्वय करना, निरंतर, स्थिर और स्वस्थ आर्थिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि "14वीं पंचवर्षीय योजना" को सुचारू ढंग से पूरा करने को सुनिश्चित किया जा सके।

पश्चिम एशिया में रुकेगी लड़ाई... ईरान के संपर्क में अमेरिका और अरब के देश

तेल अवीव: अमेरिका और अरब के कुछ देश ईरान के साथ इजरायल से युद्ध विराम के लिए बातचीत कर रहे हैं। मंगलवार को एक इजरायली टेलीविजन चैनल-12 ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस गुप्त रूप से चल रही इस वार्ता का उद्देश्य गाजा, लबनान समेत सभी मोर्चों पर लड़ाई को रोकना है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि फिलहाल इजरायल इस पहल में शामिल नहीं है लेकिन वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह स्पष्ट नहीं है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए किस तरह की शर्तों पर बातचीत हो रही है क्योंकि यह बाकी मोर्चों की तुलना में अधिक जटिल है। इसकी वजह बंधकों की रिहाई के बाद भी इजरायल की लड़ाई जारी रखने के संकेत और किसी भी डील में इजरायल की गाजा से वापसी की हमास की शर्त है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने अभी तक अमेरिका को यह नहीं बताया है कि पहल पर उसका क्या रुख है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा है।

हिंदू लड़की से शादी करने वाले मुस्लिम लड़के के सवाल पर जाकिर नाइक ने उड़ाया मजाक

इस्लामाबाद: भारत में भगोड़ा करार विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इस समय पाकिस्तान में अपने कार्यक्रम कर रहा है। जाकिर नाइक अलग-अलग शहरों में पहुंचता है, जहां लोग उससे धर्म से जुड़े मामलों पर सवाल करते हैं। इन सवालों के जवाब जाकिर की ओर से दिए जाते हैं। पाकिस्तान में बीते एक हफ्ते में ऐसे कई बयान जाकिर ने दिए हैं, जिनकी ना सिर्फ चर्चा है बल्कि उसे आलोचना का शिकार भी होना पड़ा है। जाकिर का नया बयान जो चर्चा में आया है, उसमें वह हिन्दू-मुस्लिम शादी पर बात कर रहा है।

जाकिर नाइक के पाकिस्तान में हुए कार्यक्रम का वीडियो सामने आया है। इसमें अली हमजा नाम का शख्स कह रहा है कि उसने हिन्दू लड़की को मुस्लिम बनाकर शादी की थी। अब उसका एक बच्चा भी है लेकिन अब उसकी बीवी तलाक ले रही है और इस्लाम धर्म छोड़कर वापस हिन्दू होना चाहती है, ऐसे में वह क्या करे।

'आप उनको मेरे कैसेट दिखाओ'

जाकिर ने अली हमजा को जवाब देते हुए कहा, 'सबसे पहला सवाल ये है कि आपने धर्म परिवर्तन ठीक से कराया या नहीं। सही तरीके से धर्म बदलने का मतलब है कि लड़की कुरान से प्रभावित होकर इस्लाम में दाखिल हो। मुझे लगता है कि लड़की ने अली हमजा के इश्क में धर्म बदला जबकि होना ऐसा चाहिए था कि वह अल्लाह और नबी के इश्क में मजहब बदलती। इसके बाद भी आपने बीवी को इस्लाम की तालीम ही नहीं दी इसलिए आज ये हो रहा है। अब

आप उनको मेरे कैसेट दिखाओ, वह मान जाएगी।'

जाकिर ने आगे कहा कि आपकी बीवी तलाक लेती है तो शरिया के हिसाब से वह इस्लाम नहीं छोड़ सकती। अगर इस्लाम छोड़ती है तो फिर वह बच्चे को साथ नहीं ले जा सकती है।' इस पर हमजा ने कहा कि कोर्ट तो मेरी पत्नी के हक में फैसला कर रहा है। इस पर पाकिस्तान का मजाक उड़ाते हुए जाकिर ने कहा कि मैं तो समझा था कि पाकिस्तान में शरिया का पालन किया जाता था। मैं गलत समझ बैठा था।'

जाकिर नाइक एक दूसरे कार्यक्रम में बाल यौन शोषण और नशे पर एक पाकिस्तानी लड़की के सवाल पर भी अहसज होता दिखा था।

वहीं इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान तो उसने छात्राओं को ये कहते हुए अवार्ड देने से मना कर दिया था कि उनको बेपर्दा नहीं घूमना चाहिए। जाकिर से इस कदम पर पाकिस्तान के एक बड़े वर्ग ने एतराज जताया था। जाकिर के एक और बयान 'पाकिस्तानियों के जन्नत में जाने के चांस ज्यादा' का भी पाकिस्तान और दुनिया में खूब मजाक उड़ा है।

चीन ने पाक में चीनी काफिले पर आतंकवादी हमले की निंदा की

बीजिंग। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कराची में जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक चीनी परियोजना के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले के बारे में बताया कि चीनी पक्ष चीनी नागरिकों पर हुए हमले के प्रति बहुत हैरान है और इस आतंकवादी कार्रवाई की जबरदस्त निंदा करता है। हम मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मृतकों के परिवार वालों को संवेदना देते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि इस घटना में चीन और पाकिस्तान दोनों पक्षों के लोगों की जान गई है, जिसमें दो चीनी नागरिक मारे गए और एक घायल हुआ है।

प्रवक्ता ने कहा कि चीनी पक्ष पाकिस्तान से घायल लोगों के इलाज और संबंधित कार्य की पूरी कोशिश करने और फौरन ही इस घटना की जांच करने और अपराधियों को पकड़कर उन को सख्त सजा देने का आग्रह करता है। इसके साथ चीन पाक से सुरक्षा में मौजूद खामियां दूर कर अधिक लक्षित कदम उठाकर चीन-पाक आर्थिक गलियारे और पाकिस्तान स्थित चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का अनुरोध करता है।

प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद समग्र मानव का दुश्मन है। आतंकवादी शक्ति की चीन और पाकिस्तान के बीच पारस्परिक विश्वास और सहयोग तथा सीपेक निर्माण बर्बाद करने की कुचेष्टा विफल होगी। चीन पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का समर्थन जारी रखेगा और पाकिस्तान के साथ मिलकर चीन-पाक संबंध बर्बाद करने की कोई भी कुचेष्टा को नाकाम करेगा।

राफेल परमाणु फाइटर जेट को हवा में मिलेगा 'शाही बॉडीगार्ड', फ्रांस का बड़ा ऐलान, भारत की भी होगी बल्ले-बल्ले!

पेरिस: फ्रांस का लड़ाकू विमान राफेल पूरी दुनिया में सफलता के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। भारत से लेकर कतर तक ने फ्रांस को जमकर ऑर्डर दिए हैं। इससे राफेल बनाने वाली कंपनी डसाल्ट एविएशन की चांदी हो गई है। अब फ्रांसीसी कंपनी राफेल मल्टी रोल जेट की अगली पीढ़ी ऋ बना रही है जो हवा में ही 'शाही बॉडीगार्ड' से लैस होगा। दरअसल, फ्रांसीसी कंपनी चाहती है कि हवा में राफेल के साथ एक मानवरहित ड्रोन विमान भी उड़ान भरे। यह ड्रोन राफेल के पायलट के इशारे पर काम करेगा और दुश्मन को तबाह करने में मदद करेगा। फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबेस्टिअन लेकोर्नू ने राफेल के घर कहे जाने वाले सेंट डिजिअर एयरबेस पर इस ड्रोन का ऐलान किया। यह ड्रोन पहले के ल्लएवफ्ढल्ल वउअश प्राजेक्ट के आधार पर तैयार किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ल्लएवफ्ढल्ल वउअश का ट्रायल के दौरान पायलट वाले लड़ाकू विमानों के साथ पहले ही इस्तेमाल किया जा रहा है। डसॉल्ट कंपनी के सीईओ एरिक ट्रैप्पियर ने कहा, 'यह रेडार की पकड़ में नहीं आने वाला लड़ाकू ड्रोन विमान साल 2033 तक फ्रांसीसी एयर फोर्स को तकनीकी और ऑपरेशनल बढ़त दिलाएगा।' यह ड्रोन विमान कई तरह की क्षमताओं से लैस होगा और इसे शामिल किया जाएगा। इस ड्रोन का अभी कोई नाम नहीं रखा गया है और यह राफेल का पूरक होगा। यह ड्रोन और राफेल दोनों मिलकर युद्ध के मैदान में काम करेंगे।

इस यूएवी के अंदर ही एक आंतरिक पेलोड होगा। इस ड्रोन में ऑटोनॉमस कंट्रोल और राफेल का पायलट इसे आसानी से उड़ा सकेगा। डसॉल्ट ने बताया कि यह ड्रोन विमान कई गुणों से लैस होगा और भविष्य में आने वाले खतरों को ध्यान में रखकर इसे आगे भी विकसित किया जा सकेगा। कंपनी ने इस किलर ड्रोन के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी है। बता दें कि फ्रांस एक परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है और वह अब राफेल की मदद से परमाणु प्रतिरोधक क्षमता रखता है। इससे पहले मिराज फाइटर परमाणु बम गिराने के लिए तैयार किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक भविष्य में किलर ड्रोन परमाणु मिशन के दौरान आकाश में आने वाले खतरों को दूर करेगा और इसके बाद राफेल आराम से एटम बम गिरा सकेगा। राफेल का एफ-5 वर्जन नए ड्रोन के साथ साल 2060 तक फ्रांस की वायुसेना में बना रह सकेगा। राफेल के एफ-5 वर्जन के लिए शुरूआती अध्ययन हो चुका है और साल 2026-27 में इसका पूरा विकास शुरू हो जाएगा। इससे आने वाले समय में यह राफेल नए ड्रोन के साथ उड़ान भर सकेगा। आने वाले दिनों में फ्रांस राफेल को अरठ4ऋसे लैस करने जा रही है ।

ली छ्यांग पूर्वी एशिया सहयोग पर नेताओं की बैठकों में भाग लेंगे

बीजिंग। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मंगलवार को आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में इस बात की घोषणा की कि आसियान के वर्तमान अध्यक्ष देश लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिफांडोन के निमंत्रण पर, चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग 9 से 12 अक्टूबर तक लाओस के वियनतियाने में पूर्वी एशिया सहयोग पर नेताओं की बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और लाओस की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

साथ ही वियतनामी प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह के निमंत्रण पर, ली छ्यांग 12 से 14 अक्टूबर तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा भी करेंगे।

माओ निंग के अनुसार चीन इस वर्ष की पूर्वी एशिया सहयोग पर नेताओं की बैठक श्रृंखला की थीम 'आसियान : कनेक्टिविटी और लचीलापन को मजबूत करना' का समर्थन करता है।

हज्बिुल्लाह ने अपनी ताकत दिखा दी...

बेरूत: हिजबुल्लाह नेता शेख नईम कासिम ने एक बार फिर इजरायल को चेताया है। नसरल्लाह के बाद हिजबुल्लाह का सबसे अहम चेहरा बने शेख कासिम ने अंडरग्राउंड बंकर से अपने संबोधन में इजरायल का मजबूती से सामना करने और उसे युद्ध में फिर से हराने की बात कही है। 71 वर्षीय नईम कासिम का ये टीवी संबोधन मंगलवार को ऐसे समय आया, जब हिजबुल्लाह ने इजरायल पर बड़ा रॉकेट हमला किया है।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह की ओर से सोमवार देर रात उत्तरी इजरायल के शहर हाइफा में बड़े हमले को अंजाम देते हुए 105 रॉकेट दागे गए। इजरायल के तीसरे सबसे बड़े शहर पर इस हमला से दो लाख लोगों को सुरक्षित जगह पर शरण लेनी पड़ी। हाइफा के किरयात याम पर यह रॉकेट अटैक 20 वर्षों का सबसे गंभीर हमला है। हिजबुल्लाह ने हाइफा और क्रेयोट क्षेत्रों पर किए गए हमले की जिम्मेदारी भी ली है।

कासिम ने अपने संबोधन में कहा कि इजरायल ये ना समझे कि हिजबुल्लाह खत्म हो गया है, हमारी ताकत बरकरार है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

हिजबुल्लाह के दर्जनों कमांड सेंटर तबाह, एयर स्ट्राइक में 50 से ज्यादा आतंकियों की मौत: इजरायल

यरूशलम। हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायली मिलिट्री ऑपरेशन लगातार जारी है।

इजरायली सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए।

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट के दर्जनों भूमिगत कमांड सेंटर को तबाह कर दिया गया। इन सेंटर्स में इजरायल के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले कमांडर तैनात थे।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हगारी ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट और राडवान फोर्सेज के छह सीनियर कमांडर मारे गए।

इनमें अली अहमद इस्माइल और अहमद हसन नाजल भी शामिल थे। इस्माइल बिंट जेबिल इलाके में तोपखाने का कमांडर था। वहीं नाजल, हिजबुल्लाह की स्पेशल कमांडो यूनिट, राडवान फोर्सेज के लिए बिंट जेबिल में अटैक सेक्टर की कमान संभालता था।

आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट ने साउथ लेबनान में अंडरग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और कमांड सेंटर्स का एक 'व्यापक' नेटवर्क

बनाया है। इस नेटवर्क का इस्तेमाल जमीनी लड़ाई के दौरान आईडीएफ सैनिकों पर अटैक करने और इजरायल में लोगों पर हमले करने के लिए किया जाता है।

आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमलों में वह पूरा इलाका शामिल था, जहां हिजबुल्लाह का दक्षिणी फ्रंट, राडवान बलों के साथ मिलकर काम करता है।

कुल मिलाकर, आईडीएफ ने पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिणी लेबनान में 125 से अधिक जगहों पर हमला किया।

इजरायल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने मंगलवार को सीमा पार 170 से अधिक रॉकेट दागे। इजरायल का दावा है कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह को खत्म करने के लिए सैनिक कार्रवाई कर रहा है। हालांकि यहूदी राष्ट्र के हमलों ने भारी तबाही मचाई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के हवाले से बताया कि वर्तमान में लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

लेबनानी अधिकारियों के अनुसार, इजरायली हमलों की शुरूआत के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 2,100 से अधिक हो गई है, जबकि 10,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।